● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 01, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार, 28 जनवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ




आप-दा मुक्त हो जायेगी दिल्ली : शाह 5

स्मृति मंधाना चुनी गई सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर 6

## हर गरीब का जीवन बेहतर बनाने राज्य सरकार प्रतिबद्ध : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री इंदौर में जन कल्याण अभियान के समापन कार्यक्रम में हुए शामिल

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सुशासन और समता मूलक समाज पर देश को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए 63 प्रकार की विभिन्न योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्ड, गरीबी रेखा राशन के लाभ उपलब्ध कराने के लिये राज्य सरकार के प्रतिनिधि घर-घर पहुंच रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में पक्के मकान उपलब्ध कराने के लिए पुनः सर्वे कराया जा रहा है। राज्य सरकार जियो और जीने दो के सिद्धांत पर विश्वास करती है और हर गरीब का जीवन बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनकल्याण अभियान के समापन पर इंदौर के गांधी नगर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में इंदौर और उज्जैन संभाग के हितग्राही और नागरिक शामिल हुए। राज्य



सरकार की चिन्हित हितग्राहीमूलक योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 11 दिसम्बर, 2024 से 26 जनवरी 2025 तक प्रदेश में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया गया। इसमें हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में आए नागरिकों का पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की समरसता और समानता की भावना को केन्द्र में रखकर कार्य कर रही है। बाबा साहेब ने हमें समानता का अधिकार दिलाया और अब प्रधानमंत्री श्री मोदी के सबका साथ-सबका विकास मंत्र के साथ प्रदेश सरकार आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने बाबा साहेब को वह सम्मान नहीं दिया, जो उन्हें मिलना चाहिए था। हमारी सरकार ने बाबा साहेब के उन स्थानों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया है, जो उनके जीवन से जुड़ी हुए है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पक्का मकान, गैस का चूल्हा, 2029 तक प्रतिमाह निशुल्क राशन, बच्चों के अध्ययन के लिए निशुल्क पुस्तकों की व्यवस्था के साथ ही दुग्ध-उत्पादन में वृद्धि के लिए 10 से अधिक गाय पालने वालों को अनुदान की व्यवस्था की जा रही है। हर गरीब, किसान, युवा और बहनों का भला करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार लाड़ली बहनों के माध्यम से हर महीने रक्षाबंधन मना रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नशा नाश की जड़ है, अतः प्रदेश में नशा मुक्ति अभियान आरंभ किया जा रहा है। शराब दुकानों को हतोत्साहित कर दूध के उत्पादन को प्रोत्साहित करना हमारा उद्देश्य है। इससे बहन-बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और सम्पन्नता सुनिश्चित होगी और परिवारों का जीवन बेहतर होगा। राज्य सरकार ने नशा के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत ही धार्मिक शहरों से यह अभियान आरंभ किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सामाजिक समरसता, गरीबों की बेहतरी, युवाओं को रोजगार और सभी के जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशा के अनुसार मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। युवा मिशन के अंतर्गत तकनीकी रूप से दक्ष युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार कार्य दिया जा रहा है। बड़ी संख्या में शासकीय नौकरियों के साथ ही औद्योगीकरण के माध्यम से निजी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने के लिए गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

## भारत के युवा वैश्विक भलाई के लिए बल हैं: पीएम मोदी

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी करियप्पा परेड ग्राउंड में वार्षिक एनसीसी रैली में शामिल हुए, इस दौरान पीएम मोदी ने रैली का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर उनके साथ रक्षा मंत्री, रक्षा राज्यमंत्री और सेना प्रमुख भी मौजूद रहे। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि- भारत में युवाओं के सामने रही अनेक बाधाओं को हमने पिछले 10 साल में हटाने का काम किया है। इससे भारत के युवा का सामर्थ्य बढ़ा है, देश का सामर्थ्य बढ़ा है।

वहीं इस कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने करियप्पा परेड ग्राउंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में प्रदर्शन भी किया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा- इस अमृतकाल में...हमें अपना एक ही लक्ष्य रखना है- विकसित भारत। हमारे हर निर्णय



की कसौटी, हर हर कार्य की कसौटी...विकसित भारत ही होनी चाहिए। इसके लिए हमें अपने पंच प्राणों को हमेशा याद रखना है। पंच प्राण यानि हमें विकसित भारत बनाना है। हमें गुलामी की हर सोच से मुक्ति पानी है। हमें अपनी विरासत पर गर्व करना है। हमें भारत की एकता के लिए काम करना है और हमें अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 75 वर्षों के गणतंत्र में भारत के संविधान ने हर समय देश को लोकतांत्रिक प्रेरणा दी, नागरिक कर्तव्यों का महत्व समझाया। इसी तरह ह्ष्टष्ट ने भी हर समय भारत के नौजवानों को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा दी और उन्हें अनुशासन का महत्व समझाया...आप 21वीं सदी में भारत के विकास को, दुनिया के विकास को निर्धारित करने वाले हैं।

पीएम मोदी ने कहा, आजादी के बाद काफी समय तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते थे लेकिन फिर ये पैटर्न टूट गया। इसका देश को बहुत नुकसान उठाना पड़ा। हर चुनाव में वोटिंग लिस्ट अपडेट होती है, बहुत सारे काम होते हैं और इसमें अक्सर हमारे टीचर्स की ड्यूटी लगती है। जिसके कारण पढ़ाई प्रभावित होती हैं। बार बार होने वाले चुनावों की वजह से गवर्नेंस में भी मुश्किलें आती हैं...इसलिए देश में एक बहुत महत्वपूर्ण डिबेट चल रही है और सब लोग इस विषय में अपने अपने विचार रख रहे हैं...और डिबेट क्या है- वन नेशन वन इलेक्शन।

## आरक्षण को 50 फीसदी से ज्यादा करेंगे : राहुल

**भोपाल।** महू में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने कहा था कि अगर हमारी 400 सीटें आएंगी तो हम संविधान बदल देंगे। उनके इस बयान पर हम उनके सामने खड़े हुए। लोकसभा में 400 पार छोड़ो उन्हें सदन में मत्था टेककर घुसना पड़ा। राहुल गांधी ने कहा कि जिस दिन ये संविधान खत्म हो जाएगा, उस दिन देश के गरीबों के लिए कुछ नहीं बचेगा। दलितों-आदिवासियों-पिछड़ों के लिए देश में कुछ नहीं बचेगा। इनका यही लक्ष्य है। उन्होंने आगे कहा कि आंबेडकर जी, महात्मा गांधी जी, भगवान बुद्ध, ज्योतिबा फूले जी और हिन्दुस्तान के जो महापुरूष है, उनकी सोच उनकी आवाज इस संविधान में है। वहीं राहुल गांधी ने कहा कि आरक्षण को 50 फीसदी से ज्यादा किया जाएगा। कांग्रेस की सरकार आने पर लोकसभा और राज्यसभा में बिल पास कराकर 50 फीसदी की रेखा को हटाया जाएगा राहुल गांधी ने संघ प्रमुख पर हमला बोलते हुए कहा कि कुछ दिन पहले आरएसएस के नेता मोहन भागवत ने कहा कि भारत को 15 अगस्त 1947 को आजादी नहीं मिली, वो झूठी आजादी थी, असली आजादी तो मोदी जी के आने के बाद मिली थी। राहुल गांधी ने कहा कि ये सीधा संविधान पर आक्रमण है।

वहीं उन्होंने आगे कहा एक बात याद कीजिए और भूलिए मत जिस दिन ये संविधान खत्म हो गया, उस दिन हिन्दुस्तान के गरीब लोगों के लिए, दलितों के लिए, आदिवासियों के लिए, पिछड़ों के लिए, अल्पसंख्यकों के लिए देश में कुछ नहीं बचेगा। मोदी सरकार का लक्ष्य यही है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि दो तीन अरबपतियों को सारे के सारे कांट्रैक्ट दे देते है। अदाणी और अंबानी जैसे लोगों को भारत का पूरा का पूरा धन पकड़ाया जा रहा है। इस संविधान में कहा लिखा कि भारत का धन अडानी के हवाले कर दिया जाए।

## सैफ पर हमले के मामले में पश्चिम बंगाल से एक महिला गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने सोमवार को सैफ अली खान पर हुए हमले मामले में पश्चिम बंगाल से एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में तलाशी अभियान चलाकर महिला को हिरासत में लिया है। एक सूत्र ने बताया कि जांच में पता चला है कि हमले के लिए मुंबई में पहले गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशी नागरिक द्वारा इस्तेमाल किया गया सिम महिला के नाम पर रजिस्टर्ड था। पीटाआई के मुताबिक पश्चिम बंगाल पुलिस के सूत्र ने बताया, सैफ अली हमला मामले में मुंबई पुलिस ने नादिया जिले के छपरा से एक महिला को गिरफ्तार किया है।

## हिमाचल के आईजी जैदी सहित आठ पुलिस जवानों को उम्रकैद

**चंडीगढ।** 2017 में शिमला जिले के कोटखाई में हुए गुड़िया दुष्कर्म व हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपी सूरज की लॉकअप में हत्या के मामले में सभी दोषियों को उम्रकैद की सजा हुई है। सीबीआई कोर्ट ने दोषियों से उनकी आखिरी अपील सुनी। मामले में दोषी आईजी आईपीएस जहूर हैदर जैदी व डीएसपी समेत आठ पुलिस जवानों को तीन अलग-अलग धाराओं के तहत उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। वहीं सभी दोषियों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। बीती 18 जनवरी को सीबीआई कोर्ट ने गवाहों के बयान व सबूतों के आधार पर दोषी करार



देने के बाद पुलिस ने जैदी के अलावा तत्कालीन डीएसपी मनोज जोशी, पुलिस सब इंस्पेक्टर राजिंद्र सिंह, एएसआई दीप चंद शर्मा, मानक मुख्य आरक्षी मोहन लाल व सूरत सिंह, मुख्य आरक्षी रफी मोहम्मद और कांस्टेबल रनीत सतेता को गिरफ्तार कर लिया था जो के अभी बुड़ैल जेल बंद है।

कोर्ट ने सभी आरोपियों को आईपीसी एक्ट 120-बी में उम्रकैद व 20 हजार जुर्माना, 302 में उम्रकैद व 20 हजार जुर्माना, 330 में 3 साल 10 हजार जुर्माना, 348 में एक साल व 5 हजार जुर्माना, को 120-बी, 195 में उम्रकैद व 20 हजार जुर्माना, 196 में 3 साल व 10 हजार जुर्माना, 218 में एक साल व 10 हजार जुर्माना और 201 में 1 साल और 5 हजार रुपये जुर्मनें की सजा सुनाई है। कोर्ट ने सभी आरोपियों को आईपीसी एक्ट 120-बी, 302 को 120-बी, 330 को 120-बी, 348 को 120-बी, 195 को 120-बी, 196 को 120-बी, 218 को 120-बी और 201 को 120-बी के साथ दोषी ठहराया है।

## कृषि मंत्री शिवराज का अन्नदाताओं को वादा

**नई दिल्ली।** देश के किसानों को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार एक बड़ा तोहफा देने जा रही है। यह ऐसा तोहफा होगा जिसमें उनके बैंक खाते में पीएम सम्मान निधि के अलावा भी सीधे पैसा किसानों के खाते में आएगा। दरअसल, केंद्र सरकार बड़ी-बड़ी उर्वरक कंपनियों को फर्टिलाइजर सब्सिडी देने की बजाय अब उसे सीधे किसानों के बैंक अकाउंट में देने की तैयारी कर रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को अपने आवास पर किसानों से संवाद के दौरान इस बात की जानकारी दी।

## सीएम योगी ने योग गुरु बाबा रामदेव के साथ किया योगाभ्यास




**प्रयागराज।** महाकुंभ में स्नान करने पहुंचे योग गुरु बाबा रामदेव ने डुबकी लगाने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ संगम तट पर योगाभ्यास किया। योगाभ्यास की फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से शेयर की जा रही है। योग गुरु बाबा रामदेव ने संगम में डुबकी लगाने के बाद सीएम योगी से मुलाकात की और उनके साथ योग किया। बाबा रामदेव सीएम योगी को योग के कई आसन सिखाते नजर आ रहे हैं। महाकुंभ में सोमवार को योग गुरु बाबा रामदेव और यूपी के मख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक साथ योगाभ्यास करते दिखाई पड़े। जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर देखते ही देखते वायरल हो गईं। लोग इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गृहमंत्री अमित शाह के साथ संगम में डुबकी लगाई।

## गरीबों के नाम पर धर्म का इस्तेमाल करना गलत : खरगे

**इंदौर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने पर सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या गंगा में स्नान करने से गरीबी खत्म हो जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेता कैमरों के लिए डुबकी लगाने की होड़ में जुटे हैं।

महू में जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि भाजपा नेता तब तक डुबकी लगाते हैं जब तक यह कैमरों में अच्छा दिखे। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि



वह किसी की आस्था पर सवाल नहीं उठा रहे हैं और अगर उनके बयान से किसी को ठेस पहुंची हो, तो वह माफी मांगते हैं।

खरगे ने कहा कि मोदी के झूठे वादों के झांसे में न आएं। क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी खत्म होती है? क्या इससे आपका पेट भरता है? मैं किसी की आस्था पर सवाल नहीं उठाना चाहता। अगर किसी को बुरा लगा हो, तो मैं माफी मांगता हूं। उन्होंने आगे कहा, जब बच्चे भूख से मर रहे हैं, स्कूल नहीं जा रहे हैं, मजदूरों को उनकी मजदूरी नहीं मिल रही है, तब ये लोग हजारों रुपये खर्च कर गंगा में डुबकी लगाने की प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। बता दें कि खरगे के इस बयान से पहले, अमित शाह ने प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अलग समय पर गंगा में स्नान किया। शाह ने शीर्ष संतों के साथ संगम क्षेत्र में एक विशेष बैठक भी की। खरगे ने कहा कि उनकी भी आस्था भगवान में है, लेकिन गरीबों के नाम पर धर्म का इस्तेमाल करना गलत है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम धर्म के नाम पर गरीबों का शोषण बर्दाश्त नहीं करेंगे। वल्लभभाई पटेल ने आरएसएस को बंद करने का आदेश दिया था, फिर भी उन्होंने जवाहरलाल नेहरू और वल्लभभाई पटेल को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर दिया।

## फरार सौरभ शर्मा ने सरेंडर के लिए कोर्ट में दिया आवेदन



**भोपाल।** ईडी, आईटी और लोकायुक्त के छापे के बाद से फरार चल रहे आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा ने सोमवार को वकील सूर्यकांत बुझाड़े के जरिए कोर्ट में सरेंडर के लिए आवेदन दिया है। बता दें कि मध्य प्रदेश के परिवहन विभाग में हुए काले धन के घोटाले के मुख्य आरोपी सौरभ शर्मा की लंबे समय तक तलाश जारी है । जांच में शामिल विभिन्न केंद्रीय और राज्य एजेंसियां-लोकायुक्त पुलिस, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग भी उसकी तलाश में है। सौरभ शर्मा के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया है, जबकि दोनों केंद्रीय एजेंसियों ने समन जारी किए है। सौरभ शर्मा के भोपाल स्थित अरेरा कॉलानी स्थित निवास और ऑफिस पर लोकायुक्त ने छापेमारी की थी। इस दौरान लोकायुक्त ने उसके निवास से 7.98 करोड़ रुपए की चल संपत्ति जब्त की थी।

## मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास में सहयोगी होगा जापान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास में जापान सहयोगी की भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 27 जनवरी को मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं को साकार करने के उद्देश्य से जापान की यात्रा पर रवाना हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज श्यामला हिल्स स्थित राष्ट्रीय मानव संग्रहालय पहुँचकर यहाँ आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों को देखा। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत में कहा कि प्रदेश में वर्ष 2025 उद्योग और रोजगार वर्ष घोषित किया गया है।

## उत्तराखंड ने रचा इतिहास...लागू हुआ यूसीसी

### सीएम ने किया पोर्टल और नियमावली का लोकार्पण



**देहरादून।** उत्तराखंड में ढाई साल की तैयारियों के बाद आज इतिहास रच दिया। आज समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन में यूसीसी पोर्टल और नियमावली का लोकार्पण किया। वहीं, इसकी अधिसूचना भी जारी हो गई है। इसी के साथ स्वतंत्र भारत के इतिहास में समान नागरिक संहिता लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया। समान नागरिक संहिता के लिए 27 मई 2022 को विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था। समिति ने अपनी रिपोर्ट दो फरवरी 2024 को सरकार को सौंपी थी। इसके बाद आठ मार्च 2024 को विधानसभा में विधेयक पारित किया गया। विधानसभा से पास होने के बाद इस इसे राष्ट्रपति के अनुमोदन के लिए भेजा गया।

यहां से 12 मार्च 2024 को इस अधिनियम पर राष्ट्रपति का अनुमोदन मिल गया। इसके बाद यूसीसी के क्रियान्वयन के लिए तकनीक आधारित व्यवस्थाएं लागू की गईं। नागरिकों और अधिकारियों के लिए ऑनलाइन पोर्टल विकसित किए गए। बीती 20 जनवरी को यूसीसी की नियमावली को अंतिम रूप देकर कैबिनेट ने इसे पास कर दिया।

## पीएम जनमन योजना से बदला जनजातीय लोगों का जीवन : मंगुभाई

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि केन्द्र और प्रदेश सरकारे विशेष पिछड़ी जनजातियों को प्राथमिकता के साथ लाभान्वित कर रही है। अभियान के द्वारा सहरिया, बैगा एवं भारिया विशेष पिछड़ी जनजातीय बसाहटों में सड़क, बिजली, पानी, स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल सोमवार को रायसेन जिले के जनमन ग्राम चिलवाहा में ग्रामीणों से संवाद कर रहे थे।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि ग्राम में उन्हें आनंद की अनुभूति हुई है। जनजातीय वर्ग के जीवन में हुए बदलाव को पक्के मकान, पेयजल की सुविधा,




स्वच्छता व्यवस्थाओं से अत्यंत प्रभावित और खुश हूँ। उन्होंने कहा कि समाज के पिछड़े वर्ग, व्यक्तियों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सतत् काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के रूप में जनमन ग्रामों के लिए श्री नरेन्द्र मोदी दूरदर्शी और संवदेनशील नेतृत्व मिलना सौभाग्य की बात है। प्रधानमंत्री जनजातीय समुदाय के प्रति विशेष संवेदनशील है। बजट में विशेष रूप से राशि का प्रावधान कर आवास, शिक्षा, पानी, रोड, सिंचाई सहित 11 बुनियादी सुविधाएं दिला रहे है। जनजातीय ग्रामों के लिए मोबाईल मेडिकल वैन उपलब्ध कराई गई है, जिसमें स्वास्थ्य जांच और इलाज की सुविधाएं उपलब्ध है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि स्व-सहायता समूहों से जुड़कर महिलाओं का आर्थिक और सामाजिक विकास हुआ है। महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ रहा है, वह स्वयं का रोजगार शुरू कर रही हैं आर्थिक रूप से आत्म-निर्भर बन रही हैं। परिवार में भी उनका मान सम्मान बढ़ा है। आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अब गरीबों को इलाज की चिंता नहीं रही हैं। आयुष्मान कार्डधारी व्यक्ति का निजी अस्पताल में पांच लाख रू तक का निःशुल्क इलाज हो जाता है। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने उपस्थित ग्रामीणों को अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से शिक्षित करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति शिक्षित होकर ही समाज में आगे बढ़ सकता हैं। घर के बेटा-बेटी पढ़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और उन्नति करेंगे। उन्होंने कहा कि अब पैसो की कमी शिक्षा की राह में बाधा नहीं हैं। सरकार आंगनवाड़ी से लेकर विदेश भेजने तक का काम कर रही है। बच्चों को आंगनवाड़ी जरूर भेजना चाहिए। छात्र-छात्राओं की शिक्षा के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं जिनका लाभ लेकर कोई भी व्यक्ति बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकता हैं। उन्होंने महिलाओं से पूछा कि उनमें से कितनों के बच्चे कॉलेज में हैं, इस पर अनेक महिलाओं ने कहा कि उनके बेटा-बेटी कॉलेज में पढ़ रहे हैं।

# गणतंत्र दिवस समारोह पूरे जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया

## कलेक्टर ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी, गणतंत्र दिवस में आन-बान शान से लहराया तिरंगा

**सिंगरौली।** जिले भर में गणतंत्र दिवस समारोह परम्परागत हर्ष, उल्लास से मनाया गया। पूरे जिले में आन बान शान से तिरंगा लहराया। मुख्य समारोह राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इसके बाद मुख्य अतिथि ने प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। मुख्य समारोह के साथ-साथ जिले के सभी कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में भी ध्वजारोहण किया गया। सभी नगर पंचायतों, जनपद पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों में समारोह पूर्वक गणतंत्र दिवस मनाया गया।



समारोह में आकर्षक परेड प्रस्तुत की गई परेड कमान्डर रंक्षित निरीक्षक केशव सिंह एवं परेड के उप कमान्डर आशीष तिवारी के नेतृत्व में औद्योगिक सुरंक्षा बल, विशेष शसस्त्र बल, जिला पुलिस बल, होम गार्ड एवं परेड जूनियर में शासकीय उतकृष्ट माध्यमिक विद्यालय बैढ़न, अंग्रणी महाविद्याय बैढ़न, डीएव्ही पब्लिक स्कूल बैढ़न, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैढ़न, सरस्वती उच्वतर माध्यमिक विद्यालय बैढ़न, महिला एवं बाल विकास के द्वारा आकर्षक परेड प्रस्तुत कियें। इसके बाद मुख्य अतिथि ने रंग बिरंगे गुब्बारे आकाश के अनंन्त उचाई को छूने के लिए मुक्त किये।समारोह में विभिन्न विद्यालयो के छात्र छात्राओ ने मनमोहक नृत्य एवं गीत की प्रस्तुतिया देकर उपस्थित जन समूह को मन मुग्ध किया । समारोह में विभिन्न विभागो द्वारा आकार्षक झाकियों के माध्यम से शासन की योजनाओं और कार्यक्रमो को प्रदर्शित किया गया। जिसमें वन विभाग के द्वारा बाघ मध्यप्रदेश का गौरव है विषय ,पुलिस विभाग द्वारा महिला सुरंक्षा हेतु सृजन कार्यक्रम एवं साईबर क्राईम जागरूकता अभियान विषय, नगर पालिक निगम सिंगरौली द्वारा शहर में सौंदर्यीकरण का कार्य एवं जनहितकारी योजना का विषय, जन कल्याण विभाग द्वारा धरती आभा जन जाति ग्राम उत्कर्ष अभियान विषय, स्वास्थ्य विभाग द्वारा टी.बी मुक्त भारत अभियान एवं सामुदायिक सह भागिता विषय, सामाजिक न्याय एवं निशक्त जन कल्याण द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना, जिला पंचायत द्वारा नदी पुर्नजीवन एवं जंगल के संरक्षण विषय, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा सामाजिक और आर्थिक रूप से चुनौती पूर्ण महिलाओं का शासक्तिकरण विषय से संबंधित झाकी पदर्शित की गई।वही परेड सीनियर में प्रथम स्थान केन्द्रीय औद्योगिक सुरंक्षा बल, द्वितीय स्थान जिला पुलिस बल, एवं तृतीय स्थान होमगार्ड को मिला है। परेड जूनियर में प्रथम स्थान एनसीसी शासकीय उतकृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैढ़न द्वितीय स्थान स्काउट गाईड शासकीय कन्या उच्तर माध्यमिक विद्यालय बैढ़न तथा तीसरा स्थान डीएव्ही पब्लिक स्कूल बैढन को मिला। समारोह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान इंडियन चिल्ड्रेन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैढ़न, द्वितीय स्थान शासकीय उतकृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैढ़न एवं तीसरा स्थान सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैढ़न ने प्राप्त किया। समारोह में प्रदर्शित झाकियों में पहल स्थान वन विभाग सिंगरौली ने प्राप्त किया। वही दूसरा स्थान पुलिस विभाग तथा तीसरा स्थान नगर पालिक निगम सिंगरौली एवं सामाजिक न्याय विभाग ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। इसी के साथ ही झाकी प्रदर्शन में सत्वना पुरस्कार आदिम जाति कल्याण विभाग को मिला। समारोह के दौरान सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, वन मण्डल अधिकारी अखिल बंसल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार बर्मा, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम राजेश शुक्ला, नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा सहित जिलाधिकारी, पुलिस अधिकारी, वरिष्ट नागरिक, अधिवक्ता गण, व्यापारी गण, विभिन्न विद्यालयों की छात्र छात्रा, प्राचार्य, आम जन भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## भारत पर्व का हुआ आयोजन, भारत पर्व कार्यक्रम में हुई रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**सिंगरौली।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की संध्या पर अटल सामुदायिक भवन बिलौजी भारत पर्व का आयोजन किया गया। भारत पर्व कार्यक्रम में कलाकारों ने देश भक्ति गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। भारत पर्व का शुभारंभ कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।भारत पर्व कार्यक्रम में जबलपुर के कलाकार मिठाई लाल चक्रवर्ती एवं उनके दल द्वारा बुदेली लोकगीतो की मनमोहक प्रस्तुति दी गई वही चन्द्रकांत पाण्डेय एवं उनके साथियों द्वारा घसिया गुदुमबाजा की मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रोताओं का मन मोह लिया। भारत पर्व पर मटकी नृत्य की भी मनमोहक प्रस्तुति दी गई। भारत पर्व पर सीईओ जिला पंचायत की पुत्री मैत्री सिंह देश भक्ति गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी । वही स्थानीय कवि नारायण दास विकल ने प्रेम एक समपर्ण है विषय पर मनमोहक कविता पाठक कर श्रोताओं को मत्रमुग्ध किया गया। वही उपायुक्त सहकारिता पीके मिश्रा शानदार प्रस्तुति दी। भारत पर्व पर जनसम्पमर्क विभाग द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं पर केन्द्रीत प्रदर्शनी भी लगाई गई।

## अदानी फाउंडेशन ने कृषि जागरूकता अभियान के तहत बेतरिया गांव में किया भ्रमण




**सिंगरौली।** अदाणी फाउंडेशन के तरफ से कृषि जागरूकता अभियान अंतर्गत एक दिवसीय कृषक भ्रमण का आयोजन ग्राम बेतरिया में किया गया। भ्रमण के दौरान कुल 30 किसान उपस्थित हुए जिन्हें ग्राम बेतरिया के किसान विजय प्रकाश शाह के मॉडल फार्म (एकीकृत कृषि फॉर्म) का भ्रमण करवाया गया। किसानों को मॉडल फॉर्म के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी देकर विधिवत रूप से समस्त कृषि प्रणालियों को प्रत्यक्ष रूप से दिखाया गया। जिसमें किसानों को जैविक इकाई के रूप में जीवामृत, अपशिष्ट डीकंपोजर, केंचुआ खाद इकाई के साथ बायोगैस इकाई की समस्त जानकारी दी एवं उसके महत्वपूर्ण उपयोग से लाभ के बारे में चर्चा की बायोगैस से निकलने वाले अपशिष्ट को कैसे किसान अपने खेत में एक संतुलित खाद के रूप में प्रयोग कर सकता है इसके बारे में बताया साथ ही फार्म पर उपस्थित सभी किसानों को डेयरी फार्म के बारे में गिर व उन्नत नस्ल की गाय के दुग्ध उत्पादन की प्रक्रिया के बारे में बताया वह चारा उत्पादन इकाई देखने के बाद किसानों ने फल बाग जिसमे पपीता पौधारोपण, अरहर की खेती, सब्जी उत्पादन एवं फसल उत्पादन क्षेत्र का दौरा किया।अंततः किसानों ने वर्तमान में संचालित 9 कृषि आधारित गतिविधियों का दौरा कर उनके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की व सभी समझाया कि कैसे किसान अपने आर्थिक जोखिम को कम करने के लिए कृषि में फसल विविधिकरण अपनाकर अपने लाभ को बढ़ा सकता है इस दौरान कार्यक्रम में अदाणी फाउंडेशन के स्थानीय प्रमुख श्री मनोज प्रभाकर एवं ग्राम पंचायत रैला के सरपंच सुभाष शाह उपस्थित रहे व ग्रामीण किसानों ने इस कार्यक्रम को पूरी तरीके से समझकर अपने फार्म को ऐसी ही तकनीक को अपनाने की शपथ ली।

## गणतंत्र दिवस की 76 वीं वर्षगांठ पर नगर निगम कार्यालय में निगम अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

**सिंगरौली।** गणतंत्र दिवस की 76 वाँ वर्षगांठ पर नगर निगम कार्यालय में नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय ने ध्वजारोहण कर शहीदों व संविधान निर्माता बाबा साहेब को याद किया। ध्वजारोहण उपरांत राष्ट्रगान का गायन किया गया,तत्पश्चात् सभी ने भारत माता के जयकारों के साथ तिरंगे को सलामी दी।इस अवसर पर निगम अध्यक्ष ने माँ भारती के चरणों में नमन करते हुए सभी अधिकारी कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आज हम सब गणतंत्र दिवस कि 76 वी वर्षगाँठ मनाने इस प्रांगण में एकत्रित हुए है।यह दिन हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और बलिदान की याद दिलाता है जिनकी वजह से हम आज आ?ादी की हवा में साँस ले पा रहे हैं,हमारे देश के वीरों के संघर्ष ने हमें यह सीख दी है की हमारे लोकतंत्र की असली ताकत हमारे नागरिकों में छिपी हुई है ,उसी तरह हमारे इस लोकतंत्र में नगर निगम सिंगरौली की ताकत नागरिक या जनता से है,और जनता है तो नगर निगम है ,हम सब नागरिकों की सेवा के लिए हैं।वही इस अवसर पर गणतंत्र दिवस की शुभकामना देते हुयें नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा ने कहा कि आज के दिन संविधान लागू हुआ। राष्ट्र विकास की ओर अग्रसर। जिन्होंने देश की आजादी के लिए प्राण न्योछावर किए उन शहीदों को हम नमन करते है। नगर निगम आयुक्त ने कहा कि हमारे संविधान से हमें यह सीख मिलती है कि देश ,परिवार, संस्था जहाँ हम काम करते हैं उसके प्रति अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा के साथ पालन कर,राष्ट्र परिवार और अपनी संस्था की अखंडता और एकजुटता को बनाए रखने की दिशा में काम करेंगे। हम अपने साथ-साथ दूसरे के अधिकारों का भी ध्यान रखेंगे और यही हमारे द्वारा संविधान के प्रति सम्मान होगा। समारोह के दौरान उतकृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## सरकार योजनाओं से जरूरतमंदों का जीवन बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है : राधा सिंह

### अभियान के दौरान जिलें में प्राप्त 78 हजार आवेदनो में 76 हजार आवेदन का किया गया निराकरणः कलेक्टर

**सिंगरौली।** मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान का समापन समारोह अटल सामुदायिक भवन बिलौजी में आयोजित हुआ। समारोह का शुभारंभ राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनम सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा, के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। समारोह में उपस्थित हितग्राहियों को संबोधित करते हुये राज्यमंत्री श्रीमती राधा



सिंह ने कहा कि राज्य सरकार योजनाओं के माध्यम से जरूरतमंदो का जीवन बेहत बनाने के लिए प्रयासरत है। सरकार की मंशा है कि हर पात्र व्यक्ति को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हे उनकी चौखट पर मिले कार्यालयों का चक्कर नही लगाना पड़े इसके लिए हमारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा जन कल्याण अभियान का 11 दिसम्बर को शुभारंभ किया गया। अभियान के दौरान हर एक पात्र हितग्राही का घर घर जाकर उनका सर्वे किया गया एवं पात्रता अनुसार हितलाभ का वितरण भी किया जा रहा है। राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार गाव गरीब, पिछड़ो के उत्थान के लिए संकल्पित है।इसके पूर्व कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने बताया कि अभियान के दौरान सिंगरौली जिलें लगभग 78 हजार आवेदन प्राप्त हुए इनमे से 76 आवेदनो का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया गया। वहीं सिर्फ उन्हीं आवेदनों को निरस्त किया गया है जिनका निराकरण हो पाना संभव नही था। या फिर नीतिगत नही था। कलेक्टर ने कहा कि इस दौरान हमें जन प्रतिनिधियों का भी बहुत साथ मिला। कलेक्टर ने कहा हमारा प्रयास है कि कार्यक्रम के माध्यम से हम जरूरतमंदों को शासकीय योजनाओं का लाभ दे। समारोह के दौरान उपस्थित हितग्राहियों उपस्थित जन प्रतिनिधियों के द्वारा हितलाभ का वितरण भी किया गया। समारोह के दौरान सफाई मित्रो का किट वितरण किया गया। वही इंदौर में आयोजित जन कल्याण अभियान के समापन समारोह का लाईव टेलीकास्ट के माध्यम से प्रसारण किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का जन प्रतिनिधियों एवं हितग्राहियों के द्वारा देखा एवं सुना गया।

## संस्कार वैली इंटरनेशनल स्कूल मनाया गया गणतंत्र दिवस व भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम

**सिंगरौली।** देश के 76 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर संस्कार वैली इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों, शिक्षकों, अतिथियों व अभिभावकों के द्वारा झंडा रोहण किया गया। साथ-साथ स्कूल के नन्हे मुन्ने छात्रों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष




सिंगरौली सुंदर लाल शाह, जिलामंत्री भाजपा श्रीमती पूनम गुप्ता, मंडल अध्यक्ष वैढ़न सौरभ गुप्ता, जिलामंत्री भाजपा विनोद चौबे, पूर्व अध्यक्ष मंडल भाजपा विक्रम सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष मंडल वैढ़न हेमंत पांडे संदीप झा मंडल अध्यक्ष जयंत पुनीत शुक्ला तथा राजेश पटेल अध्यक्ष प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, श्यामलाल राठौर व अभिभावक गण , बच्चे,सभी शिक्षक और अन्य उपस्थित रहे। बच्चों के द्वारा देशभक्ति पर आधारित एक से बढ़कर एक गानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे डांस, गीत, नाटक, भाषण का कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। नन्हे मुंह बच्चो द्वारा देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों ने सभी को मोहित कर दिया और सभी में जोश से भर दिया ।

## 38 लाख 44 हजार से वार्ड 38 मे निर्मित होने वाली डब्ल्यूबीएम सड़क एवं रिर्टनिंग वाल निर्माण का पार्षद ने किया भूमिपूजन

**सिंगरौली।** सोमवार को वॉर्ड न 38 तुलसी ढोटी में टीपी वाटर प्लांट के पास डब्ल्यूबीए सड़क और रिटर्निंग वाल का निर्माण कार्य लागत 38.44 लाख रुपए का भूमि पूजन वॉर्ड न 38 तुलसी पार्षद अनिल कुमार वैश्य एवं अपीलीय



समिति सदस्य नगर पालिक निगम सिंगरौली के कर कमलों से सम्पन्न हुआ, इस अवसर पर एड. अवनीश कुमार दूबे, रामाधार साकेत, बड़कू साकेत, बबूल साकेत , कमलेश वर्मा, पिंकी वर्मा, नर्मदा साकेत,प्रेम लाल शाह, रामलाल शाह संविदाकार , ऋषि सिंह और वॉर्ड 38 के देव तुल्य जनता जनार्दन उपस्थित रहे।

## हिंडालको महान में क्लस्टर एचआर स्ट्रैटेजी मीट का भव्य आयोजन



**सिंगरौली।** हिंडालको महान में आयोजित दो दिवसीय क्लस्टर एचआर स्ट्रैटेजी मीट में हिंडालको रेणुकूट, हिंडालको रेनुसागर और हिंडालको महान के एचआर प्रोफेशनल्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मानव संसाधन प्रबंधन से जुड़ी चुनौतियों पर विचार-विमर्श करना और एचआर नीतियों को और बेहतर बनाने की रणनीतियां तैयार करना था। कार्यक्रम की शुरुआत मेजबान मानव संसाधन प्रमुख डॉक्टर विवेकानंद मिश्रा ने अपनी टीम के साथ समस्त एच. आर.प्रोफेसनल्स का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और स्वागत भाषण में कहा कि यह आयोजन एचआर प्रोफेसनल्स के लिए संजीवनी का काम करेगी ,हम सब अपने कर्मियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने और संगठनात्मक विकास में लगातार कार्य कर रहे हैं, एचआर विभाग केवल प्रशासनिक कार्यों तक सीमित नही है,बल्कि यह किसी भी इकाई को एक सशक्त और समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है।इसके बाद क्लस्टर एचआर हेड जसबीर सिंह ने कहा कि एचआर का काम केवल नियमों का पालन कराना नहीं है, बल्कि संगठन को नए युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना भी है। नवाचार और तकनीकी समाधान एचआर के कार्यों को और प्रभावी बना सकते हैं। इसके बाद, हिंडालको महान के इकाई प्रमुख एस. सेंथिल नाथ ने एचआर विभाग को किसी भी इकाई की आत्मा बताया।आज के इस सम्मेलन का उद्देश्य अंतर-विभागीय, अंतर-यूनिट और अंतर-व्यापार सहयोग को बढ़ावा देना है, जो कि हमारे संगठनात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अत्यंत आवश्यक है। हम जानते हैं कि एक सफल संगठन वह है जो सभी स्तरों पर सहयोग को प्रोत्साहित करता है। व्यापार की चुनौतियों और अवसरों की समझ हमारे लिए न केवल एक आवश्यकता है, बल्कि यह मानव संसाधन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहलू भी है। हमें यह समझना होगा कि बाजार में आने वाले परिवर्तनों के साथ कैसे सामंजस्य स्थापित किया जाए ताकि हम न केवल चुनौतियों का सामना कर सकें, बल्कि नए अवसरों का लाभ भी उठा सकें।व्यवसाय की बदलती आवश्यकताओं के अनुसार अपडेट रहना और प्रासंगिक होना आवश्यक है।

## एनटीपीसी विंध्याचल ने 76वें गणतंत्र दिवस को धूमधाम और देश भक्ति के साथ मनाया

**विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अंबेडकर स्टेडियम में शानदार आयोजन किया। इस समारोह का शुभारंभ कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार ने तिरंगे झंडे को फहरा कर किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि महोदय ने परेड का निरीक्षण किया तथा परेड की सलामी ली। डीपीएस, डी पॉल और एसएसएम स्कूलों के छात्रों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक मार्च पास्ट और मनोरम झांकियों में विकसित भारत' और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के विषयों को प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में श्री ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) उपस्थित रहे, साथ ही कई अन्य सम्मानित अतिथि भी मौजूद रहे, जिनमें डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा), श्री संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री पंकज बलियान, कमांडेंट (सी आईएसएफ), श्री अतिन कुंडू, महाप्रबंधक (परियोजना), श्री राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन), श्री राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) शामिल रहे। अध्यक्षा(सुहासिनी संघ) श्रीमती सरोजा फणि कुमार एवं सुहासिनी संघ की अन्य वरिष्ठ सदस्याओं ने अपने जोशीले योगदान से आयोजन को और भी आकर्षक बनाया। श्री ई. सत्य फणि कुमार ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में एनटीपीसी विंध्याचल की बिजली उत्पादन, प्रचालन क्षमता और सामुदायिक विकास में महत्वपूर्ण उपलब्धियों को उजागर किया। उन्होंने सभी विभागों की प्रमुख उपलब्धियों को साझा करते हुए, कॉर्पोरेट और क्षेत्रीय मुख्यालयों के वरिष्ठ प्रबंधन और सभी सहयोगियों के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और स्टेशन की भविष्य में और भी बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रति समर्पण को पुनः व्यक्त किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा सीएसआर पहल के तहत, बनौली के सरकारी माध्यमिक विद्यालय की 10 लड़कियों को साइकिलों का वितरण किया गया, जिससे शिक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला। अंबेडकर स्टेडियम मे आयोजित गणतन्त्र दिवस समारोह के दौरान परियोजना के डी पी एस, डी-पॉल, सरस्वती शिशु मंदिर, सरकारी स्कूल सहित बाल भवन के विद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने देश की एकता और अखंडता से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दीं, जिसे मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा खूब सराहा गया।

कार्यक्रम की अगली कड़ी मे एनटीपीसी विंध्याचल ने उत्कृष्टता को मान्यता देते हुए डीपीएस की छात्राओं की टीम को बेस्ट कंटिंजेंट का पुरस्कार और 17 अन्य टीमों को बेस्ट टर्नआउट पुरस्कार प्रदान किया, जिनमें सीआईएसएफ और स्कूल टीमें शामिल थीं। इसके अलावा 83 कर्मचारियों को उनके विभागीय उत्कृष्ट योगदान के लिए एचओपी मेरिटोरियस अवाड्र्स प्रदान किए गए। साथ ही 10 उत्कृष्ट कर्मचारियों को बिजनेस एक्सीलेंस असेसर्स के रूप में सम्मानित किया गया। 6 कोर वैल्यू एक्ट्यूलाइजेशन चैंपियंस को उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया, जिन्होंने कर्मचारियों की सहभागिता बढ़ाई और एनटीपीसी के मूल्यों को कार्य संस्कृति में समाहित किया।

# उत्साह एवं हर्षोल्लाष पूर्वक मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह

## मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, मुख्यमंत्री के संदेश का किया वाचन

**सीधी।** प्रदेश के साथ-साथ आज सीधी जिले में भी गणतंत्र दिवस समारोह पूरे उत्साह के साथ परम्परागत एवं गरिमापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। मुख्य समारोह छत्रसाल स्टेडियम पर आयोजित किया गया जहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान राष्ट्रगान का गायन हुआ। तत्पश्चात् प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने परेड का निरीक्षण किया इस दौरान कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा भी उनके साथ रहे। प्रभारी मंत्री द्वारा समृद्धि के प्रतीक रंगीन गुब्बारे नील गगन में छोड़े गये। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा वीर शहीदों की शहादत को नमन करते हुए जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन किया।



रक्षित निरीक्षक श्री वीरेंद्र कुमरे रक्षित केंद्र सीधी के कमाण्ड में आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। परेड के उप कमाण्डर प्लाटून कमाण्डर श्री मयंक तिवारी होमगार्ड लाइन सीधी रहे। इसमें उपनिरीक्षक श्री गया प्रसाद द्विवेदी के नेतृत्व में 9वीं वाहिनी विसबल ''सी'' सीधी, उप निरीक्षक श्री तरुण कुमार बेड़िया के नेतृत्व में रक्षित केंद्र सीधी, प्लाटून कमांडर श्री चंद्रकांत तिवारी के नेतृत्व में जिला होम गार्ड, उप निरीक्षक सुश्री पूनम सिंह के नेतृत्व में महिला प्लाटून जिला बल सीधी, श्री सुंदरम सिंह के नेतृत्व में सीनियर एनसीसी पीएम कालेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय, श्री अमितेन्द्र अग्निहोत्री के नेतृत्व में जूनियर एनसीसी उत्कृष्ट विद्यालय सीधी, श्री उधव प्रताप सिंह के नेतृत्व में एनसीसी गणेश सीनियर सेकंडरी स्कूल पड़रा, श्री यशराज सिंह चौहान के नेतृत्व में एकलव्य पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल हडबड़ो, सुश्री दिया अवधिया के नेतृत्व में सीएम राइज स्कूल सीधी, श्री अर्जुन सिंह चौहान के नेतृत्व में गुरुकुल पब्लिक स्कूल मड़रिया, श्री अंश प्रताप सिंह सेंगर के नेतृत्व में आचार्या पब्लिक स्कूल पडैनिया, सुश्री दुर्गा सेन के नेतृत्व में शासकीय आदर्श कन्या हाई स्कूल सीधी, श्री अभिमन्यु प्रजापति के नेतृत्व में शा उ मा वि क्रमांक 02, श्री ऋषभ सिंह के नेतृत्व में सरस्वती उ मा वि मड़रिया, श्री अम्बिकेश पाठक के नेतृत्व में महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल सीधी, सुश्री श्रुति तिवारी के नेतृत्व में शौर्य दल, श्री ध्रुव के नेतृत्व में रैसबीन सिटी स्कूल पडरा श्री अमित वर्मा के नेतृत्व में ज्योति हायर सेकेंड्री स्कूल पटेल पुल तथा पुलिस बैंड दल सीधी द्वारा आकर्षक परेड का प्रदर्शन कर मुख्य अतिथि को सलामी दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं वीर शहीदों के परिजनों तथा लोकतंत्र सेनानियों को शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक पीटी ड्रिल का मनमोहक प्रदर्शन किया गया। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़रिया, आचार्या पब्लिक स्कूल सीधी, सी.एम. राईज कन्या उ.मा.वि. सीधी, गुरूकुल पब्लिक स्कूल सीधी, गणेण उ.मा.वि. पड़रा एवं एकलब्य उ.मा.वि. सीधी के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। गांधी हाई स्कूल के बैण्ड दल द्वारा आकर्षक परेड का प्रदर्शन कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया गया।

जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विकास को दर्शाती विभिन्न विभागों द्वारा झांकिया प्रदर्शित की गयी। इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, कृषि कल्याण विभाग, जिला पंचायत विभाग, वन विभाग, उद्योग विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, आजीविका मिशन जिला सीधी, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं नगर पालिका सीधी की झांकियों का प्रदर्शन किया गया।

इसके उपरान्त जिले के उत्कृष्ट कार्य करनें वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल, सांसद डॉ. राजेश मिश्रा एवं विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।

पुरस्कारों की श्रृंखला में सर्वोत्तम परेड सीनियर का प्रथम पुरस्कार महिला प्लाटून जिला बल सीधी को, द्वितीय स्थान में सीनियर एनसीसी पीएम कालेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय को एवं तीसरे स्थान पर रक्षित केंद्र सीधी को पुरस्कार दिया गया।

सर्वोत्तम परेड जूनियर का प्रथम पुरस्कार एकलव्य पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल हडबड़ा को, द्वितीय स्थान में जूनियर एनसीसी उत्कृष्ट विद्यालय सीधी को एवं तीसरे स्थान पर एनसीसी गणेश सीनियर सेकंडरी स्कूल पड़रा को पुरस्कार दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रथम पुरस्कार गणेश हायर सेकण्डरी स्कूल सीधी को, द्वितीय पुरस्कार एकलव्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी को तथा तृतीय पुरस्कार गुरूकुल पब्लिक स्कूल सीधी को दिया गया। झाकियों के प्रभावी प्रस्तुतीकरण की श्रृंखला में पहला पुरस्कार वन विभाग सीधी को, दूसरा पुरस्कार महिला एवं बाल विकास विभाग सीधी को एवं तीसरा पुरस्कार कृषि कल्याण विभाग सीधी को प्रदान किया गया। गाँधी विद्यालय के बैण्ड दल को विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।

कार्यक्रम में उद्घोषणा का दायित्व डॉ संजीव कुमार त्रिपाठी प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल करमाई एवं श्री वीरेंद्र सिंह बघेल प्राचार्य हाई स्कूल अमेढिया द्वारा निभाया गया।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, जनपद अध्यक्ष सीधी धर्मेंद्र सिंह परिहार, उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन सिंह, जिला पंचायत सदस्य सुश्री पूजा सिंह कुशराम, श्री प्रदीप शुक्ला, पार्षद श्रीमती पूनम सोनी, श्री देव कुमार सिंह चौहान सहित जनप्रतिनिधि, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अंशुमन राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद श्रीवास्तव, विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी, विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों और सामाजिक संगठनों के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक के साथ नगर के आमजन एवं विद्यालयीन तथा महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान उपस्थित थे।

# प्रभारी मंत्री चौफाल में विशेष मध्यान्ह भोजन में हुए सम्मिलित

## छात्रों को निःशुल्क सायकिल का किया वितरण



**सीधी।** गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौफाल मे छात्र-छात्राओं के साथ विशेष मध्यान्ह भोजन में सम्मिलित हुए। उनके साथ सांसद डॉ राजेश मिश्रा, विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, विधायक सिहावल श्री विश्वामित्र पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ रवीन्द्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अंशुमन राज, श्री देव कुमार सिंह चौहान सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक छात्र-छात्राओं के साथ विशेष मध्यान्ह भोजन में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने सुसज्जित और क्रियाशील आईसीटी लैब, ब्यूटी और वेलनेस लैब के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर लैब का शुभारंभ किया। प्रभारी मंत्री ने निःशुल्क सायकिल वितरण किया तथा पीएमश्री स्कूल के लिए प्राप्त फर्नीचर भी विद्यालय को सौंपे।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सरकार कटिबद्ध है। अच्छी शिक्षा के साथ गरीब, मजदूर और किसान के बच्चे भी आगे बढ़े समाज हित और राष्ट्रहित के लिए कार्य करें। इसको दृष्टिगत रखते हुए सरकार द्वारा सीएम राइज स्कूल, पीएमश्री स्कूलों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में अधोसंरचना का विकास किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है आवश्यकता है उन्हे उचित अवसर प्रदान करने की। सरकार द्वारा कक्षा 12वीं तक के बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, कक्षा 8वीं तक के बच्चों को निःशुल्क गणवेश तथा गुणवत्तायुक्त मध्यान्ह भोजन दिया जाता है। साथ ही कक्षा 6वीं व 9वीं के बच्चों को निःशुल्क सायकिल भी दी जाती है।

# प्रभारी मंत्री ने किया सीसीटीवी सर्विलांस कंट्रोल रूम का लोकार्पण

## अपराधों के रोकथाम और अपराधी को पकड़ने में मिलेगी सफलताः प्रभारी मंत्री

**सीधी**

गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल द्वारा पुलिस विभाग के सीसीटीवी सर्विलांस कंट्रोल रूम का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कंट्रोल रूम की पूरी कार्य प्रणाली को समझा तथा आवश्यक निर्देश दिए।



प्रभारी मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में अपराधी नई तकनीकी के प्रयोग से देश की शांति व्यवस्था तथा नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा बन रहे हैं। ऐसे अपराधियों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर देश की सीमा की सुरक्षा के लिए नवीन तकनीकी का प्रयोग किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय सीमा की चौकसी ड्रोन कैमरे एवं सर्विलांस कैमरों के माध्यम से की जा रही है। जिससे उनकी घुसपैठ नाकाम हो रही है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि इसी प्रकार प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में जिला पुलिस बल का आधुनिकीकरण किया जा रहा है तथा पुलिस की सर्विलांस अधोसंरचना को सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होने जिले को सीसीटीवी सर्विलांस की सुविधा देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस सुविधा से अपराधों की रोकथाम तथा अपराधियों को पकड़ने में सफलता मिलेगी। अपराध करने वालों में भय आयेगा। साथ ही आम नागरिकों की लापरवाही में भी कमी आयेगी। हमारी पुलिस व्यवस्था सृदृढ़ होगी तथा जिलेवासियों को एक सुरक्षित वातावरण मिलेगा।

सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि सीधी जिले के पुलिस प्रशासन द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। तकनीकी अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण से हमारी पुलिस व्यवस्था मजबूत होगी। इसके माध्यम से यातायात नियमों का पालन कड़ाई से किया जा सकेगा जिससे हम कई बहुमूल्य जीवन को बचा पाएंगे।

विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक तथा विधायक सिहावल श्री विश्वामित्र पाठक ने शासन के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे जिले की कानून व्यवस्था अच्छी होगी। अपराधों के नियंत्रण में पुलिस को मदद मिलेगी। जिले की व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए निगरानी आवश्यक है और सीसीटीवी सर्विलांस कैमरे एक बेहतर माध्यम हैं।

पुलिस अधीक्षक डॉ रवीन्द्र वर्मा ने बताया कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग से पुलिस विभाग को सीसीटीवी सर्विलांस कंट्रोल रूम की सुविधा मिली है। जिला मुख्यालय के सभी इन्ट्री प्वाइंट, मुख्य चौराहों तथा संवेदनशील स्थानों की पीटी जेड तथा एएनपीआर कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। जिला मुख्यालय में 32 स्थानों में 120 कैमरे लगाए गए हैं। इसके माध्यम से तेज वाहन चलाने, बिना हेलमेट वाहन चलाने, दो पहिया वाहन में तीन सवारी आदि यातायात नियमों के उल्लंघन पर आटोमेटिक चालानी की कार्यवाही होगी। इसके माध्यम से अपराधियों की पहचान तथा अपराधों के रोकथाम में मदद मिलेगी। यह जिले की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुश्री पूजा सिंह कुसराम, श्री प्रदीप शुक्ला, पार्षद श्रीमती पूनम सोनी, कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी, सीईओ जिला पंचायत श्री अंशुमन राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद श्रीवास्तव, श्री देव कुमार सिंह चौहान सहित जनप्रतिनिधिगण, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# भारत के संविधान, प्रदेश सरकार की उपलब्धियों एवं विकास कार्यक्रमों पर आधारित प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

## प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने किया शुभारंभ

**सीधी।** गणतंत्र दिवस पर जनसंपर्क विभाग द्वारा स्थानीय मानस भवन में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के तहत भारत के संविधान तथा हमारे संविधान निर्माताओं के विषय में जानकारी देने एवं मध्यप्रदेश सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों एवं संकल्पों पर आधारित आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। गणतंत्र दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह की समाप्ति पर प्रदर्शनी का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर सांसद डॉ राजेश मिश्रा, विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, सिहावल श्री विश्वामित्र पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, जिला पंचायत सदस्य सुश्री पूजा सिंह कुसराम, श्री प्रदीप शुक्ला, पार्षद श्रीमती पूनम सोनी, कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ रवींद्र वर्मा, सीईओ जिला पंचायत श्री अंशुमन राज, श्री देव कुमार सिंह चौहान, एसडीएम श्री नीलेश शर्मा, सहायक संचालक जनसंपर्क श्री मुकेश मिश्र सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी/कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस के उत्सव भारत पर्व पर लगायी गयी प्रदर्शनी का लोगों ने अवलोकन किया तथा शासन द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की।



## कलेक्टर सोमवंशी ने कलेक्ट्रेट में राष्ट्रीय ध्वज फहराया

सीधी। गणतंत्र दिवस समारोह संपूर्ण जिले में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में श्री कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने देश को स्वतंत्रता दिलाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत प्रचार रथ रवाना



**सीधी।** मिशन शक्ति सह बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री आर.सी. त्रिपाठी के सफल मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता रथ बनवाया गया। इस जागरूकता रथ को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गोपदबनास सीधी श्री नीलेश शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुसमी सुश्री प्रिया पाठक, तहसीलदार गोपदबनास श्रीमती जान्हवी शुक्ला, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री आर.सी. त्रिपाठी उपस्थित रहे।

रथ द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना एवं बाल विवाह हेतु बने कानून, सजा एवं बाल विवाह की शिकायत दर्ज कराने हेतु जानकारी देगा।

# गणतंत्र दिवस पर वनमंडल सीधी को मिला झांकी प्रदर्शन में प्रथम पुरस्कार



**सीधी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सीधी जिले में आयोजित मुख्य समारोह में सीधी वनमण्डल की थीम ''वनों से सामाजिक सशक्तिकरण'' पर आधारित झांकी के लिये वन विभाग की टीम को प्रथम पुरस्कार मुख्य अतिथि प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा सीधी जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल द्वारा प्रदान किया गया।

# लोकतंत्र का लोकोत्सव ''भारत पर्व'' का हुआ आयोजन

## लोक कलाकारों ने लोक नृत्यों की प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**सीधी।** जिला प्रशासन, जनसंपर्क व संस्कृति विभाग की ओर से मानस भवन सीधी में गणतंत्र दिवस की संध्या पर लोकतंत्र का लोकोत्सव ''भारत पर्व'' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भोपाल तथा अनूपपुर जिले के कलाकारों सहित स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक बहुआयामी व राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत रंगारंग प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



कार्यक्रम के शुभारंभ में सांसद डॉ राजेश मिश्रा, विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी, सीईओ जिला पंचायत श्री अंशुमन राज, श्री देवकुमार सिंह चौहान सहित गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा जय स्तंभ के समक्ष में दीप प्रज्ज्वलन कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

गणतंत्र दिवस की संध्या पर लोकतंत्र का लोकोत्सव ''भारत पर्व'' कार्यक्रम में इस वर्ष स्वराज संस्थान भोपाल द्वारा चयनित भोपाल जिले से आए लोक कलाकारों रमा दुबे एवं समूह के द्वारा बघेली लोकगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। साथ ही अनूपपुर जिले के लोकनृत्य (गुदुमबाजा) के कलाकारों लिखीराम धुर्वे तथा साथियों ने अपने ओजस्वी प्रस्तुति से दर्शकों में ऊर्जा का संचार कर दिया।

इस अवसर पर स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में रोजवैली पब्लिक स्कूल सीधी के देवकी पाण्डेय एवं साथी, रिदम संगीत एकेडमी के शुभी दुबे एवं साथी, म्यूजिक एकेडमी सीधी के रेशू सिंह एवं केशू सिंह एवं सृजन मयूजिकल ग्रुप के सृजन मिश्रा एवं साथियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक गीतों की प्रस्तुतियां की गई। जनजातीय कार्य विभाग सीधी की छात्राओं द्वारा की गई समूह लोक नृत्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को भाव विभोर कर दिया।

जनसंपर्क विभाग के द्वारा कार्यक्रम स्थल पर चारों तरफ हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के तहत भारत के संविधान तथा हमारे संविधान निर्माताओं के विषय में जानकारी देने तथा प्रदेश की विकास योजनाओं की उपलब्धियों पर आधारित छायाचित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई थी जो दर्शकों के बीच आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत, सहित अधिकारियों/कर्मचारियों तथा गणमान्य नागरिकों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। साथ ही प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, प्राचार्य संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय डॉ. पी.के. सिंह, जिला जनसंपर्क अधिकारी मुकेश मिश्रा, तहसीलदार जान्हवी शुक्ला, नायब तहसीलदार तीरथ अक्षरिया, डॉ रंजना शुक्ला सहित गणमान्य नागरिक, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वीरेन्द्र सिंह बघेल प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल करमाई द्वारा किया गया।

## संपादकीय

# जीवन की गरिमा

असम में विदेशी नागरिकों को लंबे समय से डिटेंशन सेंटर में रखे जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी कई लिहाज से अहम है। इस मामले में राज्य सरकार का जो रुख सामने आया है, उससे ऐसा लगता है कि वह इन विदेशी नागरिकों के कानूनी और संवैधानिक अधिकारों को लेकर पर्याप्त गंभीर नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के पास आए इसी मामले की बात करें तो 270 लोगों को असम के डिटेंशन सेंटर्स और ट्रांजिट कैंपों में लंबे समय से रखा जा रहा है। अदालत के सामने आए तथ्यों के मुताबिक, इनमें से कुछ लोगों को तो वहां रहते हुए 10 साल हो चुके हैं। स्वाभाविक ही सवाल उठता है कि आखिर इन्हें वहां क्यों रखा गया है और इन्हें इनके देश वापस भेजने की प्रक्रिया कहां तक पहुंची है। उसमें इतनी देर क्यों हो रही है? हैरत की बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट को जवाब देने में भी राज्य सरकार के अधिकारियों ने गंभीरता नहीं दिखाई। सरकार का यही कहना था कि ये सब विदेशी हैं और इन्हें फॉरेनर्स ट्राइब्यूनल्स की ओर से विदेशी घोषित कर दिए जाने के बाद ही डिटेंशन सेंटर में भेजा गया है। लेकिन सरकारी हलफनामे में इन्हें हिरासत में रखने का कोई कारण नहीं बताया गया है, ना ही यह जानकारी दी गई है कि इन्हें स्वदेश भेजने की दिशा में कौन से कदम उठाए गए हैं। इस मसले को अगर पिछले कुछ वर्षों में विदेशी घुसपैठियों पर तेज हुई राजनीति के संदर्भ में देखें तो कथित घुसपैठियों के खिलाफ कई गैरजिम्मेदार बयान भी देखने को मिल जाते हैं। इससे किसी कारण भारत में रह रहे विदेशियों के खिलाफ नफरत का माहौल बनता है और यह सवाल भी उठता है कि क्या सरकारी अधिकारियों के व्यवहार या फैसले पर उस माहौल का भी प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रभाव पड़ रहा है। शायद इसीलिए सुप्रीम कोर्ट ने इसे रेखांकित करना जरूरी समझा कि देश के संविधान की ओर से दिए गए जीवन के अधिकार की गारंटी यहां रह रहे सभी लोगों के लिए है चाहे वे विदेशी ही क्यों न हों। अवैध तौर पर देश में घुस आए लोगों के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई जरूर की जाए, लेकिन इस क्रम में उनके जीवन की गरिमा सुरक्षित रहनी चाहिए।

# जनतंत्र जनसेवा की आदर्श व्यवस्था है

**भारतीय जनतंत्र की लगभग सात दशक लम्बी यात्रा इस बिडम्बना की साक्षी है। गत शताब्दी के आठवें दशक में घटित जनता पार्टी का उद्भव और पराभव इस तथ्य का ज्वलन्त प्रमाण है।वर्तमान लोकतांत्रिक व्यवस्था के संदर्भ में अमेरिकन राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को उद्धृत करते हुए कहा जाता है कि 'जनतंत्र जनता के लिए, जनता द्वारा, जनता का शासन है।' सिद्धान्ततः यह कथन आंशिक रुप से सत्य भी है क्योंकि इसमें जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि जनता के लिए कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित करते हैं। इस दृष्टि से समस्त शासन व्यवस्थाओं में यह व्यवस्था सर्वोत्तम भी है और इसीलिए स्वतंत्रता प्राप्ति के समय हमने इस व्यवस्था को चुना, किन्तु आज हमारे लोकतन्त्र में बढ़ती अविवेकपूर्ण एवं अनुत्तरदायित्व भरी कार्यशैली, जनमन में बढ़ता असंतोष जनित आक्रोश और यत्र-तत्र घटित अराजकतायुक्त दुर्घटनाएं विश्व के इस विशालतम लोकतन्त्र के समक्ष अनेक यक्षप्रश्न उपस्थित कर रही हैं। भारतीय गणतंत्र की इस 76 वें वर्षगाँठ पर इस संदर्भ में गंभीर और विस्तृत विमर्श अपेक्षित है।**

(डॉ. कृष्णगोपाल मिश्र)

भारतीय जनतंत्र की लगभग सात दशक लम्बी यात्रा इस बिडम्बना की साक्षी है। गत शताब्दी के आठवें दशक में घटित जनता पार्टी का उद्भव और पराभव इस तथ्य का ज्वलन्त प्रमाण है।वर्तमान लोकतांत्रिक व्यवस्था के संदर्भ में अमेरिकन राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को उद्धृत करते हुए कहा जाता है कि 'जनतंत्र जनता के लिए, जनता द्वारा, जनता का शासन है।' सिद्धान्ततः यह कथन आंशिक रुप से सत्य भी है क्योंकि इसमें जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि जनता के लिए कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित करते हैं। इस दृष्टि से समस्त शासन व्यवस्थाओं में यह व्यवस्था सर्वोत्तम भी है और इसीलिए स्वतंत्रता प्राप्ति के समय हमने इस व्यवस्था को चुना, किन्तु आज हमारे लोकतन्त्र में बढ़ती अविवेकपूर्ण एवं अनुत्तरदायित्व भरी कार्यशैली, जनमन में बढ़ता असंतोष जनित आक्रोश और यत्र-तत्र घटित अराजकतायुक्त दुर्घटनाएं विश्व के इस विशालतम लोकतन्त्र के समक्ष अनेक यक्षप्रश्न उपस्थित कर रही हैं। भारतीय गणतंत्र की इस 76 वें वर्षगाँठ पर इस संदर्भ में गंभीर और विस्तृत विमर्श अपेक्षित है।



सैद्धान्तिक रुप से जनतन्त्र में व्याख्यायित 'जनता' एक इकाई है। जनतन्त्र की उपर्युक्त लिंकन कृत परिभाषा से ध्वनित होता है कि एक इकाई के रुप में संगठित जनता सम्पूर्ण समाज में से सर्वसम्मति से सुयोग्य नेतृत्व का चयन कर जनकल्याण का पथ प्रशस्त करती है, किन्तु व्यावहारिक रुप से जनतन्त्र में प्रयुक्त जनता एक इकाई नहीं होती। वह अनेक विचारधाराओं, दलों और धर्म-क्षेत्र- जाति-भाषा- व्यवसाय आदि की संकीर्णताओं में बँधे छोटे-छोटे समूहों का समुच्चय होती है, जो मनुष्यता और राष्ट्रीयता की उदार एवं समावेशी हितग्राहिता को हाशिए पर डालकर सत्ता हथियाने की दलीय प्रतिबद्धता के प्रति दुराग्रह प्रकट करती है।

निजी निहित स्वार्थों के लिए सचेष्ट ये संकीर्ण समूह परस्पर कीचड़ उछालते हुए सत्ता के गलियारों में आधिपत्य के लिए निरन्तर संघर्ष करते हैं। इसलिए जनतंत्र में शासन 'जनता द्वारा जनता के लिए' न रहकर 'दल द्वारा दल के लिए' हो जाता है और इसी कारण जनता में असन्तोष और आक्रोश जन्म लेता है। जनतंत्र की उदार दृष्टि दलीय महत्त्वाकांक्षाओं की दलदल में धँसकर जनकल्याण से दूर चली जाती है। सत्ताधारी दल जनकल्याण के नाम पर प्रचारित योजनाओं के माध्यम से अपनी भावी चुनावी विजय की रूपरेखा रचता है; वोट-बैंक तैयार करता है और राष्ट्रीय-हितों के नाम पर दलीय-हितों के साधन में अपनी ऊर्जा नियोजित करता है। विपक्षीदल भी उचित-अनुचित का विचार किए बिना सत्ता हथियाने के लिए हर संभव कूट रचना रचते रहते हैं। भारतीय जनतंत्र की लगभग सात दशक लम्बी यात्रा इस बिडम्बना की साक्षी है। गत शताब्दी के आठवें दशक में घटित जनता पार्टी का उद्भव और पराभव इस तथ्य का ज्वलन्त प्रमाण है।

मनुष्य की प्रकृति सामन्तवादी है। वह शासन करना चाहता है। औरों को अपने अधीन अपने नियन्त्रण में रखना चाहता है। परिवार का मुखिया, संस्था का प्रमुख, संगठन का नेता- सब वर्चस्व चाहते हैं और इस वर्चस्व कामना में निहित 'राजस' भाव स्वयं के लिए एवं अपने जाति-वर्ग के लिए सुख-सुविधाएँ जुटाने का उद्यम करता है। राजतंत्र में राजा लोग अपने लिए, अपने राजपरिवार के लिए, अपने पक्ष के सामन्तों-सरदारों आदि के लिए सुख- सुविधाएं जुटाते थे और जनता के हितों की उपेक्षा करते थे, वर्तमान जनतंत्र में भी यही दुष्प्रवृत्ति दूर-दूर तक दिखाई देती है। भाई-भतीजावाद, वंशवाद, वोट बैंक सुदृढ़ करने की मानसिकता, जनता की गाढ़ी कमाई पर ऐश करने की ऐसी ही दुरभिलाषाओं के कारण आज हमारा जनतंत्र अपना वास्तविक अर्थ खोकर असंतोष और अराजकता की ओर अग्रसर हो रहा है।

संज्ञा बदल जाने से स्वभाव नहीं बदल जाता। इसी प्रकार सामन्ती मानसिकता भी जनतांत्रिक संज्ञा धारण करने से नहीं बदल सकती। अभावों और संकटों से जूझते ऋणग्रस्त देश के जनतांत्रिक ध्वजवाहक के वस्त्रों का पेरिस से धुलकर आना हमारी सामन्ती मानसिकता को मौन समर्थन देने की चूक थी। यदि अपने जनतांत्रिक नेतृत्व की इस सामन्ती प्रवृत्ति को हमने समय रहते समझ लिया होता तो हमारा जनतंत्र भ्रष्टाचार का शिकार न बनता। उसका स्वरूप अधिक लोकमंगलकारी होता। उसकी छवि अधिक उज्ज्वल होती। जनता सदा नेता का, प्रजा सदा राजा का अनुसरण करती है। रावण के राजा रहते राम से युद्धरत रहने वाले लंकावासी विभीषण के राजा बनते ही राम के शरणागत हो जाते हैं।

महात्मा गाँधी जब अपने दीवान परिवार की ऐश्वर्य और वैभवपूर्ण सुख-सुविधाओं को त्यागकर देश सेवा के लिए लंगोटी धारणकर आजादी की लड़ाई में उतरते हैं तो लाखों-करोड़ों भारतीय अपनी व्यक्तिगत सुविधाओं और पारिवारिक उत्तरदायित्वों की परवाह किए बिना उनके पीछे चलकर देशहित में हर संभव त्याग करते हैं किन्तु जब स्वतंत्र भारत का शीर्ष नेतृत्व विलासितापूर्ण जीवनशैली अपनाता है तो धीरे-धीरे हमारे नेता भी बड़ी संख्या में विलासी जीवन जीने के अभ्यस्त हो जाते हैं जिसकी परिणिति व्यापक भ्रष्टाचार के रूप में सामने आती है। सत्ता सेवा का नहीं व्यक्तिगत सुविधाएं संचित करने का साधन बनकर बोफोर्स, हवाला, चारा, व्यापम आदि असंख्य घोटालों का शिकार हो जाती है।

जनतंत्र जनसेवा की आदर्श व्यवस्था है। उसके सम्यक् संचालन के लिए अनुभवी, ईमानदार और ऐसे न्यायप्रिय निर्भीक नेतृत्व की आवश्यकता है जो समस्त संकीर्णताओं और दलीयस्वार्थों से ऊपर उठकर सम्पूर्ण समाज के लिए उचित निर्णय ले और जिसे सब स्वीकार करें, किन्तु विडम्बना यह है कि वर्तमान जनतांत्रिक व्यवस्था का आधार दलगत राजनीति है और दलगत राजनीति की कोख से जनमे नेतृत्व का सर्वस्वीकृत होना प्रायः असंभव है। तथापि अब यह नितान्त आवश्यक है कि हम वोट-बैंक और दलीय-स्वार्थों की ओछी कूटनीतियाँ छोड़कर 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' की सच्ची राजनीति के प्रति प्रतिबद्ध हों अन्यथा 'सर्वोदय', 'अन्त्योदय' और 'सबका साथ, सबका विकास' जैसे नारे सार्थक न हो सकेंगे और भारतीय समाज में बढ़ती विषमताएं, विसंगतियाँ असंतोष और आक्रोश को उग्रकर लोकतन्त्र का मार्ग कंटकाकीर्ण कर देंगीं। समय रहते हमें और हमारे नेतृत्व को यह कटु यथार्थ समझ लेना चाहिए कि नेतृत्व की शुचिता पर ही जनतंत्र का निर्वाह संभव है। (लेखक विभागाध्यक्ष-हिन्दी शासकीय नर्मदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम् म.प्र.हैं)

# हम क्या खोज रहे

**हम किसी लक्ष्य को हासिल कर लेना चाहते हैं, और इसलिए हमारे पास अध्ययन के लिए, निरीक्षण के लिए न तो समय है और न ही अवसर। इसके विकल्प के तौर पर हमने विविध गतिविधियों, जीविकोपार्जन, बच्चों के पालन-पोषण आदि की जिम्मेदारी ले ली है अथवा विभिन्न संगठनों के दायित्वों को अपने ऊपर ओढ़ लिया है कि सोचने-विचारने के लिए, निरीक्षण के लिए, अध्ययन के लिए हमें समय ही नहीं मिलता। अतः वास्तव में प्रतिक्रिया का दायित्व हमारे ही ऊपर है, किसी दूसरे पर नहीं। समूचे विश्व में गुरुओं और उनकी पद्धतियों की ऊहापोह, किसी विषय पर आधुनिकतम पुस्तक का अध्ययन, यह सब एकदम खोखला, एकदम व्यर्थ प्रतीत होता है, क्योंकि चाहे सारे विश्व में आप घूम लें, अंत में आपको अपने तक ही आना है। चूंकि अधिकांश व्यक्ति अपने से पूर्णतया अनभिज्ञ हैं, अतः अपनी विचार-प्रक्रिया, भावना और अपने कर्म को साफ-साफ देख पाना हमारे लिए अत्यधिक कठिन हो गया है।**

(जे कृष्ण मूर्ति)

जीवन का अंतिम लक्ष्य क्या है? इन तमाम अस्त-व्यस्तताओं, युद्धों, राष्ट्रों के बीच संघर्ष एवं कलह का अर्थ क्या है? इस सबको जानने से पहले अपने आपको जानना जरूरी है। यह बड़ा सरल प्रतीत होता है, लेकिन है अत्यंत दुष्कर। यह देखने के लिए कि हमारे भीतर विचार प्रक्रिया कैसे कार्य करती है, व्यक्ति को असाधारण रूप से सतर्क होना होगा। व्यक्ति जैसे-जैसे अपने सोच-विचार, प्रत्युत्तरों एवं भावों की जटिलता के प्रति अधिक सतर्क होता जाएगा, उसकी सजगता केवल अपने प्रति नहीं, खुद से जुड़े लोगों के प्रति भी बढ़ती जाएगी। अपने को जानने का अर्थ है, क्रियाकलाप के दौरान अपना अध्ययन करना और यही संबंध है। कठिनाई यह है कि हम इतने अधीर हैं कि बस आगे बढ़ जाना चाहते हैं।



हम किसी लक्ष्य को हासिल कर लेना चाहते हैं, और इसलिए हमारे पास अध्ययन के लिए, निरीक्षण के लिए न तो समय है और न ही अवसर। इसके विकल्प के तौर पर हमने विविध गतिविधियों, जीविकोपार्जन, बच्चों के पालन-पोषण आदि की जिम्मेदारी ले ली है अथवा विभिन्न संगठनों के दायित्वों को अपने ऊपर ओढ़ लिया है कि सोचने-विचारने के लिए, निरीक्षण के लिए, अध्ययन के लिए हमें समय ही नहीं मिलता। अतः वास्तव में प्रतिक्रिया का दायित्व हमारे ही ऊपर है, किसी दूसरे पर नहीं। समूचे विश्व में गुरुओं और उनकी पद्धतियों की ऊहापोह, किसी विषय पर आधुनिकतम पुस्तक का अध्ययन, यह सब एकदम खोखला, एकदम व्यर्थ प्रतीत होता है, क्योंकि चाहे सारे विश्व में आप घूम लें, अंत में आपको अपने तक ही आना है। चूंकि अधिकांश व्यक्ति अपने से पूर्णतया अनभिज्ञ हैं, अतः अपनी विचार-प्रक्रिया, भावना और अपने कर्म को साफ-साफ देख पाना हमारे लिए अत्यधिक कठिन हो गया है।

जितना अधिक आप अपने को जानेंगे, उतनी ही अधिक स्पष्टता होगी। स्वबोध का कोई अंत नहीं है। उसमें आप किसी उपलब्धि या निष्कर्ष पर नहीं पहुंचते। यह एक अनंत सरिता है। जैसे-जैसे व्यक्ति उसका अध्ययन करता है, उसमें प्रवेश करता जाता है, उसे शांति मिलती जाती है। जब मन ठहरा होता है, केवल तभी, उस शांति में ही, उस मौन में ही यथार्थ अभिव्यक्त हो सकता है। केवल तभी आनंद, सर्जनात्मक कर्म संभव होता है। मुझे ऐसा महसूस होता है कि बिना इस बोध के पुस्तकों को पढ़ना, वार्ताओं में शामिल होना, प्रचार करना बहुत बचकाना है; उसका कुछ मतलब नहीं है।

दूसरी ओर, यदि कोई व्यक्ति अपने आप को समझकर सर्जनात्मक आनंद का या ऐसी अनुभूति का एहसास कर लेता है, जो मन की उपज नहीं होती, तब शायद उसके नजदीकी रिश्तों में, और साथ ही साथ उस संसार में, जिसमें हम रहते हैं, रूपांतरण फलित होगा!

## वर्ग पहेली 5625



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 2000 में भारत के इस तत्कालीन प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र शांति शिखर सम्मेलन के दौरान हिंदी में भाषण देते हुए पाकिस्तान को लताड़ा (6)
6. राजमुकुट, शिखा (2)
7. पति-पत्नी का कानूनन संबंध विच्छेद (3)
8. छोटा, निस्सार, तीर प्रकार के प्राणचर्मों में से एक (2)
9. गले के नीचे पेट में उतारना, निगलना (3)
10. हिंदी के बारह महिनों में से एक (2)
11. एक श्लोक का चतुर्थांश, योग्यतानुसार दिया गया दर्जा या पदवी (2)
13. अनुकंपा, दया, मेहरबानी (4)
16. जीना, सीढ़ी (3)
18. राजा के लिए प्रयुक्त शब्द (3)
19. पार्वती, लक्ष्मी (2)
21. घृणा, घिन्न (4)
22. तड़क-भड़क, ठाट-बाट (2)

**संकेत: ऊपर से नीचे**

1. न्यायालय, कचहरी (4)
2. कोमलकांड, सुंदरस्वी, सुप्रसिद्ध स्वर साम्राज्ञी (सिर्फ आरंभिक नाम )(2)
3. वह स्थान जहां से प्रत्येक घर बिजली पहुंचाई जाती है (5)
4. खाली होना, रिक्त होना (3)
5. उद्देश्य, प्रयोजन (4)
11. अवनति, अवनमन, धाराशायिता (3)
12. एक राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम (2)
14. हल्का बुखार, ज्वर अनुभूति, आवेश (4)
15. कोई करतब आदि देखने के लिए एकत्रित जनसमूह, अव्यवस्थित जन समूह (3)
16. ऋग्वेद के अनुसार एक प्रकार का पेय जो देव-दानवों दोनों को प्रिय था (2)
17. इराक का एक शहर जहां सुन्नियों के चौथे खलीफा याने शिया इस्लाम के पहले इमाम अली की मजार है (3)
20. यह यूरोपीय संघ का एक सदस्य राष्ट्र है जिसकी राजधानी मेड्रिड है (2)

**वर्ग पहेली 5624 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | व | ना | | ता | इ | वा | न |
| दे | | सा | र | दा | | क | र |
| श | ह | द | | द | म | | मि |
| नी | ल | | त | | वा | प | स |
| ति | क | इ | मी | | सी | र | |
| | | | ज | स्ता | | वा | मा |
| वा | म | न | | व | ज्र | न | |
| दा | म | न | | क | ल | गी | |

# अब यह कारोबार ज्यादा बन गया

(अनिल)

कहते हैं, नियति आप नहीं बदल सकते। यानी, जिसके भाग्य में जो बदा है, उसके साथ वह होकर रहता है। जब आप इस मत में विश्वास करते हैं, तो फिर ज्योतिष का कोई अर्थ नहीं रह जाता। वैसे भी, ज्योतिष कारोबार ही ज्यादा है। चूंकि इंसानों का यह मनोविज्ञान होता है कि वह अपना भविष्य जानने को इच्छुक रहता है और यह पता करना चाहता है कि उसके जीवन में कुछ बुरा तो नहीं होने वाला? इसी आशंका का फायदा ज्योतिषी लोग उठाते हैं और अच्छे-खासे पैसे लेकर कथित भविष्य बांचने का दावा करते हैं।वास्तव में, ऐसे लोग अब शायद ही होंगे, जिन्होंने ज्योतिष शास्त्र का अध्ययन किया होगा। इसमें एक से बढ़कर एक ग्रंथ हैं, लेकिन आजकल के कथित ज्योतिषाचार्य एक-दो किताबें पढ़कर खुद को सबसे बड़े ज्योतिषी के रूप में पेश करने लगते हैं। पहले के दिनों में ज्योतिष विद्या का इस्तेमाल सद्कर्मों में होता था, यानी देश और समाज के हित में इसका इस्तेमाल होता था, लेकिन अब तो सब कुछ पर बाजार हावी है। ज्योतिष विद्या भी बाजार के हवाले है और ऐसे-ऐसे गुरु बाजार में मौजूद हैं, जिनको खुद भले ही यह विद्या न आती हो, लेकिन वे दूसरों को ज्योतिषाचार्य बनाने का सर्टिफिकेट जरूर बांटते हैं। आप बाजार में निकल जाइए, आपको पता चलेगा कि कैसे यू-ट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम या पॉडकास्ट पर पैसे देकर इंटरव्यू करवाकर भ्रामक प्रचार किया जाता है और एप डाउनलोड करने या फॉलोअर बनने पर विशेष सुविधा देने की बात कही जाती है। जबकि, ऐसे कथित ज्योतिषियों को अगर हाथ की लिखी कुंडली पकड़ा दी जाए, तो न वे उसकी भाषा पढ़ पाएंगे और न उचित गणना कर सकेंगे। अब तो अपनी कुंडली जानने के लिए आपको किसी ज्योतिषी की भी जरूरत नहीं होती। बस सॉफ्टवेयर डाउनलोड कीजिए और बन जाइए ज्योतिषाचार्य। दुर्भाग्य से, ऐसे लोग ही अब ज्योतिषी माने जाते हैं। ग्रह-नक्षत्रों की असल गणना करने वाली बिरादरी या तो लुप्त हो चुकी है या शांत हो चुकी है।बहरहाल, यहां मेरा मतलब ज्योतिष शास्त्र पर सवाल उठाना नहीं है, लेकिन आज के जो हालात हैं, उनमें इस पर विश्वास करने का कोई मतलब नहीं है। यह अब विशुद्ध रूप से कारोबार बन चुका है, जिसमें आप जितना पैसा झोंकते हैं, उतना तमाशा देखते हैं। आलम यह है कि कोई भी कथित ज्योतिषाचार्य बिना पैसे लिए आपकी कुंडली नहीं देखता और कुंडली देखने के बाद आपके भविष्य को लेकर कुछ न कुछ ऐसा जरूर बोल देगा कि आप समस्या के समाधान के लिए तत्पर हो उठेंगे। आपमें पैदा होने वाला यही डर इस धंधे को सजाता-संवारता है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज दिन आर्थिक रूप से शुभ है। धन लाभ के योग बन रहे हैं। आपकी योजनाएं समय पर पूरी होंगी और आपको कारोबार में लाभ होगा। जमीन के सौदे में निवेश करना फायदेमंद रहेगा। इससे आपको अच्छा रिटर्न मिलेगा। आपके जीवन में तरक्?की के योग बने हैं और कारोबार से जुड़ी आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी। यह समय रिस्क लेने के लिए अनुकूल है।

### वृष

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपको किसी कारण से अनावश्?यक परिश्रम करना पड़ सकता है। आप यदि व्यापारी हैं तो आपकी काफी दौड़भाग हो सकती है। आज अनावश्यक अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। सरकारी नौकर हैं तो वरिष्ठ अधिकारी का कोप भाजन बनना पड़ सकता है।

### मिथुन

आज दिन करियर के मामले में लाभ से भरा होगा। दिन के पहले हिस्?से में छुटपुट लाभ होने की संभावना है। नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। कोई भी व्यवसाय छोटा बड़ा नहीं होता और आपको सबमें मेहनत करने के बाद ही कामयाबी हाथ लगती है।

### कर्क

आज करियर में लाभ का दिन है और आप अपनी ही दुनिया में काफी खुश रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की ओर ध्यान न देकर अपना काम करते रहें। आगे चलकर सफलता आपके कदम चूमेगी।

### सिंह

आज दिन करियर के मामले में काफी मिलाजुला रहने वाला है। अनावश्यक चिंताओं के कारण से आपका मन काफी परेशान रहेगा। आपको नई उपलब्धियां कड़ी मेहनत करने के बाद ही मिलेंगी। सामाजिक उत्तरदायित्व पूरा करने में सफल होंगे और किसी की मदद करने में आपका कुछ खर्च भी हो सकता है।

### कन्या

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आप अपने जीवन में काफी आगे बढ़ेंगे। आपको स्वजनों से सुख मिलेगा और आपके घर में किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें।

### तुला

आज दिन काफी उलझन और तनाव देने वाला होगा। आपको लगेगा कि आप जिसके हकदार हैं उतनी सफलता आपको नहीं मिल रही है। समस्याओं के समायोचित समाधान न मिलने से मानसिक अशान्ति रहेगी। दूर-समीप की यात्रा पर कहीं जाने के योग बन रहे हैं।

### वृश्चिक

आज दिन मजबूरी से भरा होगा। आज का दिन कुछ विशेष कर दिखाने की उधेड़बुन में बीतेगा। अधिकारी वर्ग से अच्छी साठ-गांठ बनेगी। किसी सरकारी संस्था से दूरगामी लाभ प्राप्?त होगा। निराशाजनक विचारों से बचें। सायंकाल संतान पक्ष से अचानक शुभ समाचार मिल सकता है।

### धनु

आज लाभ होगा और आपको अचानक से रुका धन प्राप्?त होगा। इससे आज आपका विश्वास धर्म और आध्यात्म में बढ़ेगा। रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें, वरना आपको नुकसान हो सकता है। नए संपर्क से सितारा बुलंद होगा।

### मकर

आज दिन अशांति से भरा होगा और आपकी किसी बड़ी अधिकारी से अनबन हो सकती है। दाम्पत्य जीवन में सरसता बनी रहेगी। पराक्रम वृद्धि से शत्रुओं का मनोबल टूटेगा। दिन के उत्तरार्ध में अचानक अतिथियों के आगमन से व्यय भार बढ़ेगा।

### कुंभ

आज दिन शुभ है और आपको गोचर के शुभ प्रभाव से सफलता मिलेगी। आपके लिए वाहन, भूमि खरीदने, स्थान परिवर्तन का सुखद संयोग भी बन सकता है। सांसारिक सुख भोग और आपको घर गृहस्थी के उपयोग की प्रिय वस्तु खरीदने में मन लगेगा।

### मीन

आज सफलता से भरा होगा। किसी कम्पटिशन में आपकी जीत हो सकती है। किसी खास उपलब्धि से भी आपका मन प्रसन्न रहेगा, किन्तु मौसम परिवर्तन का स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। आपके लिए तरक्की के योग हैं और आपके मान सम्मान में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मतदाताओं ने यह जानने का अधिकार खो दिया है कि उन्होंने किसे वोट दिया : उद्धव ठाकरे



**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (उबाठा) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि ईवीएम के कारण लोगों ने यह जानने का अधिकार खो दिया है कि उन्होंने किसे वोट दिया है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि देश में पुनः मतपत्र के माध्यम से चुनाव की व्यवस्था होनी चाहिए। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा और उसके पूर्ववर्तियों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि देश की आजादी अब उन लोगों के हाथों में है जिनका स्वतंत्रता संग्राम से कोई संबंध नहीं था। ठाकरे ने कहा कि अब मतदान का कोई महत्व नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि ईवीएम के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है या नहीं, यह एक तकनीकी सवाल है, लेकिन सभी संस्थाओं पर कब्जा कर लिया गया है। ठाकरे ने कहा, ''जब मतदान मतपत्र के माध्यम से होता था तो हमें पता होता था कि हमने किसे वोट दिया है।'' उन्होंने कहा, ''हमने यह जानने का अधिकार खो दिया है कि हमने किसे वोट दिया है। इस सरकार ने यह अधिकार छीन लिया है।

### एनसीपी के मंत्री ने हिंगोली को बताया गरीब जिला, अजित पवार और भाजपा ने जताई नाराजगी

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और उनके कैबिनेट सहयोगी एवं भाजपा नेता गिरीश महाजन ने हिंगोली को एक गरीब जिला बताने के लिए रविवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री नरहरि जिरवाल की आलोचना की। नासिक जिले से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक एवं पार्टी प्रमुख अजित पवार के करीबी सहयोगी जिरवाल ने हिंगोली जिले में एक सभा को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की, जिसके वह प्रभारी मंत्री हैं। उन्होंने कहा, मैं एक कैबिनेट मंत्री और प्रभारी मंत्री के रूप में पहली बार यहां (हिंगोली) आया हूं। मुझे एहसास हुआ कि यह एक सीमांत और गरीब जिला है। मुंबई लौटने के बाद मैं (वरिष्ठों से) पूछूंगा कि मेरे जैसे गरीब व्यक्ति को एक गरीब जिले की जिम्मेदारी क्यों दी गई है। इस हल्के-फुल्के अंदाज में की गई टिप्पणी को सुनकर श्रोताओं ने ठहाके लगा दिए। हालांकि, पवार और महाजन को यह टिप्पणी पसंद नहीं आई। पवार ने कहा, अगर उन्होंने ऐसी टिप्पणी की है, तो यह उचित नहीं होगा। हर मंगलवार को हमारी बैठक होती है। मैं उनसे इस बारे में पूछूंगा। अगर कोई गलतफहमी है, तो उसे दूर किया जाएगा। महाजन ने भी जिरवाल के बयान की आलोचना करते हुए कहा, जिरवाल एक वरिष्ठ नेता हैं। किसी भी जिले को गरीब या अमीर के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जाना चाहिए। ऐसी धारणा बनाना अनावश्यक है। वह बुद्धिमान हैं और वरिष्ठ पदों पर रह चुके हैं। उन्हें ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। आलोचनाओं का सामना करने के बाद जिरवाल ने मीडिया के समक्ष स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणी विभिन्न विकास मानदंडों पर जिले की स्थिति के बारे में थी। उन्होंने कहा, जब आप औद्योगिक इकाइयों या सिंचाई या पेयजल के बुनियादी ढांचे के निर्माण की बात करते हैं तो हिंगोली की स्थिति से आप सब वाकिफ हैं। मेरी टिप्पणियों को निराशा की अभिव्यक्ति के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मुझे इस जिले की जिम्मेदारी यहां कुछ अच्छा करने के लिए दी गई है।

### जवाहर लाल नेहरू कभी आंबेडकर को संविधान समिति में चाहते ही नहीं थे : हिमंत सरमा

**डिब्रुगढ़, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गणतंत्र दिवस के मौके पर पूर्व पीएम नेहरू पर हमला बोला है। सरमा ने कहा कि पीएम नेहरू चाहते ही नहीं थे कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर भारतीय संविधान का मसौदा तैयार करने वाली संविधान सभा का हिस्सा हों। वह उनकी जगह एक विदेशी संविधान विशेषज्ञ को लाना चाहते थे। अगर गांधी जी ने विरोध नहीं किया होता तो आंबेडकर इस ऐतिहासिक प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बन पाते। गणतंत्र दिवस के मौके पर अपने संबोधन में सरमा ने कहा कि नेहरू ने अंबेडकर को उपद्रवी कहा था और उन्हें संविधान सभा से बाहर रखने की कोशिश की थी। वह पूर्व पीएम नेहरू ही थे जो मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में अंबेडकर की जगह पर एक अंतरराष्ट्रीय संविधान विशेषज्ञ सर आइवर जेनिंग्स को लाना चाहते थे।

# आखिरकार, मान ही गए नीतीश ! होली के बाद निशांत की होगी राजनीति में एंट्री ?



**पटना, एजेंसी।** कर्पूरी ठाकुर ने कभी अपने परिवार को आगे नहीं बढ़ाया। आजकल लोग अपने परिवार को बढ़ाते हैं। हमने भी कर्पूरीजी से सीखकर परिवार में किसी को नहीं बढ़ाया. हम हमेशा दूसरे को बढ़ाते हैं। कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर जनवरी 2024 को नीतिश कुमार के दिए इस बयान ने ही जदयू और आरजेडी के अलग होने की पटकथा लिखी थी। जिसके बाद लालू की बेटी रोहिणी ने एक्स पोस्ट के जरिए नीतीश कुमार पर निशाना साधा था। बाद में जो हुआ वो हम सभी को पता ही है। ये बैकग्राउंड बताने का सीधा सा मतलब है कि बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) सर्वेसर्वा नीतीश कुमार हमेशा से वंशवाद की राजनीति के आलोचक रहे हैं। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) के खिलाफ अक्सर तंज कसते हुए उन्हें कहते सुना जाता रहा है कि उन्हें केवल परिवार को बढ़ावा दिया है। कुमार अक्सर यह भी कहते थे कि बिहार उनका परिवार है। लेकिन अब, विधानसभा चुनाव से पहले जद (यू) एक राजनीतिक उत्तराधिकारी के स्वागत की तैयारी कर रही है। सूत्रों के हवाले से ऐसी खबर मिल रही है कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के होली के बाद सक्रिय राजनीति में शामिल होने की संभावना है। सीएम के करीबी जद (यू) सूत्र के हवाले से दावा किया जा रहा है कि केवल नीतीश कुमार से हरी झंडी मिलने की देरी है। सूत्र बताते हैं कि नीतीश को निशांत के राजनीति में प्रवेश के बारे में पार्टी कार्यकर्ताओं की लगातार बढ़ती मांग के बारे में बताया गया।

**बख्तियारपुर में जनता से पार्टी के लिए पहली अपील :** पिछले साल से ही निशांत का नाम जद (यू) के भीतर चर्चा में रहा है। कुछ पार्टी कार्यकर्ताओं ने निशांत को पार्टी में शामिल करने की मांग उठाई। हालाँकि, वरिष्ठ नेताओं ने इसे खारिज कर दिया लेकिन निशांत का नाम अभी भी नियमित अंतराल पर सामने आता रहा। हालांकि जद (यू) के वरिष्ठ पदाधिकारी खुले तौर पर इस मामले पर बोलने से बचते रहे हैं। 8 जनवरी को अपने पिता के साथ निशांत स्वतंत्रता सेनानियों की मूर्तियों का अनावरण करने के लिए अपने गृहनगर बख्तियारपुर गए। कार्यक्रम से इतर, अपने पिता से कुछ ही कदम की दूरी पर उन्होंने संवाददाताओं से कहा यदि यह संभव है, तो कृपया जद (यू) और मेरे पिता को वोट दें और उन्हें फिर से जीताएं। यह पार्टी के लिए उनकी सार्वजनिक अपील थी। इससे पहले, उन्हें आखिरी बार 2015 में अपने पिता के शपथ ग्रहण समारोह के समय एक राजनीतिक समारोह में देखा गया था।

**क्या निशांत को राजनीति में आना चाहिए? :** जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री श्रवण कुमार ने निशांत के राजनीति में शामिल होने के बारे में कुछ संकेत दिए थे। श्रवण कुमार ने कहा था कि हम उनके (निशांत के) बयान का स्वागत करते हैं। उन्हें मौजूदा सरकार की अच्छी समझ है। यह पूछे जाने पर कि क्या निशांत को राजनीति में आना चाहिए? इसके जवाब में नीतीश के गृह जिले नालंदा से आने वाले बिहार सरकार के मंत्री ने कहा था कि बेशक, ऐसे प्रगतिशील विचारों वाले युवाओं का राजनीति में स्वागत है। फैसला सही समय पर लिया जाएगा। हालांकि जद (यू) ने आधिकारिक तौर पर इस मामले पर बात नहीं की, लेकिन पार्टी के कई नेता ने दबी जुबान से उनके राजनीति पर्दापण की बात कहते नजर आते हैं।

**लालू ने तेजस्वी और रामविलास ने चिराग को किया आगे :** लालू प्रसाद ने 2013 में अपने बेटे तेजस्वी प्रसाद यादव को पार्टी के अगले नेता के रूप में पेश किया था। लगभग उसी समय राम विलास पासवान ने भी अपने बेटे चिराग को पेश किया था। वह चिराग ही थे जिन्होंने 2014 के चुनाव से पहले एलजेपी को एनडीए के पाले में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस फैसले ने एलजेपी की राजनीतिक किस्मत बदल दी। इसी तरह, तेजस्वी ने 2020 के विधानसभा चुनावों में राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन को 110 सीटों पर पहुंचाया। एक नेता तो यहां तक कहते हैं कि अगर निशांत एक दशक पहले राजनीति में शामिल हुए होते, तो वे नीतीश कुमार के स्वाभाविक उत्तराधिकारी हो सकते थे।



### चुनाव से पहले केजरीवाल का बड़ा ऐलान- नई सरकार में मनीष सिसोदिया ही होंगे डिप्टी सीएम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में 5 फरवरी को चुनाव होने हैं। दिल्ली की सभा 70 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। हरेक पार्टी की ओर से चुनाव प्रचार जोरों पर हैं। इसी क्रम में अरविंद केजरीवाल ने जंगपुरा विधानसभा से आप के उम्मीदवार और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने जंगपुरा में प्रचार के दौरान कहा कि आम आदमी पार्टी की नई सरकार में मनीष सिसोदिया ही डिप्टी सीएम होंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जनसभा में उपस्थित जनता ने साफ़ कर दिया है कि वो 5 फ़रवरी को झाड़ू का बटन दबाकर दिल्ली को बर्बाद करने की साज़िश रचने वाली बीजेपी को करारा सबक सिखाएगी और 'शिक्षा क्रांति के जनक' मनीष सिसोदिया जी को ही जिताएगी। जनसभा को संबोधित करते हुए आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जिस-जिस को जीरो बिजली का बिल चाहिए, वे आप को वोट दें और जिसको महंगी बिजली का बिल चाहिए वे भाजपा को वोट दें। भाजपा ने घोषणा कर दिया है कि अगर उनकी सरकार आई तो वे जीरो बिजली के बिल, बिजली पर सब्सिडी बंद कर देंगे... वे मुफ्त बिजली के खिलाफ हैं। पूरे देश में सिर्फ़ दिल्ली और पंजाब में 24 घंटे और मुफ्त बिजली मिलती है, भाजपा की 20 राज्यों में सरकार है, एक भी राज्य में 24 घंटे बिजली नहीं मिलती। अगर गलती से कमल का बटन दबा दिया तो आपकी बिजली गुल हो जाएगी। केजरीवाल ने कल्याणकारी योजनाओं को 'रेवड़ी' बताने के लिए भाजपा पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि भाजपा मध्यम वर्ग में अपराध बोध पैदा करने की कोशिश कर रही है, जबकि बड़े कारोबारियों को भारी छूट दी जा रही है।

## 8 तारीख को होगा केजरीवाल के कुशासन का अंत, नरेला में बोले अमित शाह- आप-दा मुक्त हो जाएगी दिल्ली



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के नरेला में अमित शाह ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी की सरकार पर जमकर निशाना साधा। अमित शाह ने कहा कि आज 76वां गणतंत्र दिवस है और 75 साल पूरा कर हमारा संविधान 76वें साल में प्रवेश कर रहा है। इन 75 वर्षों में देश की जनता ने देश के लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत किया है।

ये लोकतंत्र का ही कमाल है कि एक गरीब चाय वाले का बेटा तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनकर आया है। ये लोकतंत्र का ही कमाल है कि एक गरीब आदिवासी की बेटी बहन द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति बनी हैं, एक सामान्य जाट किसान का बेटा भारत का उप-राष्ट्रपति बना है और इससे पहले एक एक गरीब दलित का बेटा श्री राम नाथ कोविंद जी राष्ट्रपति बने थे। केजरीवाल के कुशासन का अंत 8 तारीख को होगा। केजरीवाल के शासन के दौरान दिल्ली बद से बदतर हो गई। 10 साल में, देश के कई राज्य जहां पर डबल इंजन की सरकार बनी, वो कहां से कहां पहुंच गए, लेकिन दिल्ली को जलभराव, गंदे पानी, कूड़े से जूझना पड़ रहा है। इन्होंने न केवल अव्यवस्थाएं फैलाई हैं, बल्कि हमारे पूर्वांचलियों का अपमान भी किया है। ये कहते हैं कि पूर्वांचली फर्जी वोटर हैं। केजरीवाल जी क्या बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड से आए मेरे भाई-बहनों को दिल्ली में वोट देने का अधिकार नहीं है? देशभर में सभी को आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख तक का इलाज मुफ्त मिल रहा है, लेकिन केजरीवाल जी के कारण दिल्ली के लोगों को ये फायदा नहीं मिल रहा है। लेकिन दिल्ली वालों, चिंता मत करो, आप-दा जाने वाली है कमल आने वाला है। हम पांच लाख नहीं, 10 लाख तक का इलाज मुफ्त देंगे। इन्होंने (आप) झूठ बोलकर वोट बटोरा और आगे बढ़ने का काम किया है। AAP का मतलब है- अवैध आमदनी वाली पार्टी... दिल्ली के पैसों से ये (आप) पंजाब, गुजरात, गोवा... का चुनाव लड़ते हैं।

## किसी को भी महामंडलेश्वर बना दे रहे हैं, ममता कुलकर्णी के संन्यास पर बोले बाबा रामदेव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** योग गुरु बाबा रामदेव ने महाकुंभ के नाम पर रील्स के जरिए फैलाई जा रही फूहड़ता पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि यह ठीक नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा है कि एक दिन में कोई संत नहीं बन सकता है। इसमें सालों की साधना की जरूरत होती है। साथ ही उन्होंने अभिनेत्री रहीं ममता कुलकर्णी के महामंडलेश्वर बनने पर भी प्रतिक्रिया दी है।

पत्रकारों से बातचीत में बाबा रामदेव ने कहा, ...कुछ महामंडलेश्वर बन गए। किसी के भी नाम के आगे बाबा जोड़ देना। किसी भी प्रकार के ओछी हरकतों को, रील्स को कुंभ के नाम पर लोगों तक पहुंचाना ठीक नहीं है। असली कुंभ यह है कि जहां मनुष्यता से देवत्व में, ऋषित्व में, ब्रह्मत्व में आरोहण पाया जाता है...। एक है सनातन को महसूस करना, सनातन को जीना और सनातन को बढ़ाना। एक है मात्र सनातन के नाम पर कुछ छिछोरे शब्द कह देना, इतना सनातन नहीं है। सनातन तो वह शाश्वत सत्य है, जिसे झुठलाया नहीं जा सकता। जब सवाल किया गया



है कि हाल ही में एक अभिनेत्री महामंडलेश्वर बनी हैं, तो इसपर बाबा रामदेव ने कहा, एक दिन में कोई संतत्व को उपल्बध नहीं हो सकता। उसके लिए वर्षों की साधना लगती है। ...हम लोगों को इस साधुता को पाने में 50-50 वर्षों का तप लगा है। इसको संतत्व कहते हैं। साधु होना बड़ी बात है। महामंडलेश्वर होना तो बहुत बड़ा तत्व है। आजकल मैं देख रहा हूं कि किसी की भी मुंडी पकड़कर महामंडलेश्वर बना दिया। ऐसा नहीं होना चाहिए। बॉलीवुड अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने शुक्रवार को प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचकर संगम में आस्था की डुबकी लगाई और गृहस्थ जीवन से संन्यास लेने की घोषणा की।

किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरि उर्फ टीना मां ने पीटीआई-भाषा को बताया कि ममता कुलकर्णी ने आज गंगा में डुबकी लगाई और गंगा के तट पर अपना पिंडदान किया। उनके मुताबिक, शाम करीब आठ बजे किन्नर अखाड़ा में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महामंडलेश्वर के रूप में उनका पट्टाभिषेक किया गया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी महेंद्रानंद गिरि, किन्नर अखाड़ा की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी और अन्य किन्नर महामंडलेश्वरों की उपस्थिति में सबसे पहले पांच महामंडलेश्वरों- गिरनारी नंद गिरि, कृष्णानंद गिरि, राजेश्वरी नंद गिरि, विद्या नंद गिरि और नीलम नंद गिरि का पट्टाभिषेक किया गया। कौशल्या नंद गिरि ने बताया कि इसके बाद फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी का पट्टाभिषेक किया गया और उन्हें नया नाम यमाई ममता नंद गिरि दिया गया है।

## गणतंत्र दिवस परेड में प्रधानमंत्री मोदी का साफा रहा आकर्षण का केंद्र



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 76वें गणतंत्र दिवस पर सफेद कुर्ता-पायजामा के साथ गहरे भूरे रंग का बंद गले का कोट और लाल-पीले रंग का साफा पहना। इसके साथ ही उन्होंने विशिष्ट अवसरों पर चमकीला और रंग-बिरंगा साफा पहनने की अपनी परंपरा को जारी रखा। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बहुरंगी 'बांधनी' प्रिंट का साफा पहना था। बांधनी एक प्रकार का टाई-डाई कपड़ा होता है जो गुजरात और राजस्थान में लोकप्रिय है। यह एक ऐसी विधि है, जिसमें कपड़े को बांधकर व गांठ लगाकर रंगाई की जाती है। जॉर्जेट, शिफान, रेशमी व सूती कपड़े को रंग के कुंड में डालने से पहले धागे से कसकर बांधा जाता है। जब इस धागे को खोला जाता है तो बंधा हुआ हिस्सा रंगीन हो जाता है। फिर हाथ से कपड़े पर धागे के प्रयोग से डिजाइन तैयार किया जाता है। साल 2023 में मोदी ने कुर्ते और चूड़ीदार पायजामे के साथ बहुरंगी राजस्थानी साफा पहना था। उस साल बाद में 77 वें स्वतंत्रता दिवस पर उन्होंने कई रंगों वाला राजस्थानी शैली का साफा चुना था, जिसका अन्तिम छोर (छेला) कमर के नीचे तक लंबा था। प्रचंड बहुमत के साथ दूसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में लौटने के बाद 2019 में मोदी ने लाल किले की प्राचीर से अपना छठा स्वतंत्रता दिवस भाषण देते हुए बहुरंगी साफा पहना था। राजस्थानी साफा या पगड़ी स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के लिए प्रधानमंत्री की पसंद रहे हैं। 2014 में अपने पहले स्वतंत्रता दिवस भाषण के अवसर पर उन्होंने चमकीले लाल रंग का जोधपुरी बंधेज साफा पहना। साल 2015 में, प्रधानमंत्री मोदी ने बहुरंगी लहरिया पीला साफा और 2016 में गुलाबी और पीले रंग का टाई-एंड-डाई साफा पहना था। 2017 में प्रधानमंत्री का साफा चमकीले लाल और पीले रंग का मिश्रण था। इसमें चारों ओर सुनहरी रेखाएं थीं। उन्होंने 2018 में लाल किले पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए केसरिया साफा पहना था। कच्छ के चमकीले लाल रंग के बांधनी साफे से लेकर पीले रंग का राजस्थानी साफा, गणतंत्र दिवस पर मोदी के पहनावे के प्रमुख आकर्षण रहे हैं। 2022 में मोदी ने गणतंत्र दिवस समारोह के लिए उत्तराखंड की एक अद्वितीय पारंपरिक टोपी चुनी थी। इस टोपी में ब्रह्मकमल बना हुआ था। ब्रह्मकमल उत्तराखंड का राजकीय फूल है, जिसे प्रधानमंत्री केदारनाथ की हर यात्रा पर इस्तेमाल करते रहे हैं। साल 2021 में मोदी ने गणतंत्र दिवस परेड के दौरान पीले बिन्दुओं वाली 'हालारी' पगड़ी पहनी थी।

## बीजेडी ने राज्य स्तरीय फ्रंटल संगठनों को भंग किया, 2 महीने में होंगे संगठनात्मक चुनाव

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली बीजेडी ने पार्टी के आगामी संगठनात्मक चुनाव के मद्देनजर अपने सभी राज्य स्तरीय फ्रंटल संगठनों को भंग कर दिया। शनिवार को पटनायक द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया कि सभी राज्य स्तरीय फ्रंटल संगठन जैसे बीजू महिला जनता दल, बीजू युवा जनता दल, बीजू छात्र जनता दल, बीजू श्रमिक समूह, कानूनी सेल और अप्रवासी सेल को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। बीजद ने हाल ही में वरिष्ठ विधायक प्रताप केशरी देब को अपने संगठनात्मक चुनावों के लिए रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है। ओडिशा में 24 साल तक सत्ता पर काबिज रही बीजेडी को 2024 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी से हार मिली थी। 147 सदस्यीय विधानसभा में बीजेपी ने जहां 78 सीटें जीतीं, वहीं बीजेडी को 51 सीटें हासिल हुईं। बीजद सुप्रीमो नवीन ने आदेश दिया



कि बीजू जनता दल के संविधान के अनुच्छेद-तेईसवें (2) के अनुसार, विधायक श्री प्रताप केशरी देब को तत्काल प्रभाव से बीजू जनता दल के संगठनात्मक चुनाव के सुचारू संचालन के लिए राज्य रिटर्निंग अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाता है। उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा कि विभिन्न पार्टी संगठनात्मक निकायों के चुनाव चार चरणों में आयोजित किए जाएंगे। देब ने आगे कहा कि चुनाव पहले जमीनी स्तर पर होंगे, और बाद में ब्लॉक स्तर, जिला स्तर और फिर राज्य स्तर पर होंगे। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि जल्द ही एक चुनाव कार्यक्रम तैयार किया जाएगा और संगठनात्मक चुनाव शुरू होने से पहले चुनाव संचालन और निगरानी अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। देब ने मीडियाकर्मियों को यह भी बताया था कि संगठनात्मक चुनाव की पूरी प्रक्रिया तीन महीने के भीतर पूरी कर ली जाएगी। पार्टी का लक्ष्य 2027 में होने वाले पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय चुनावों को ध्यान में रखते हुए अपने संगठन को जमीनी स्तर से राज्य स्तर तक मजबूत करना है।

## कौन हैं 'सेब सम्राट' हरिमन शर्मा जिन्हें मिला पद्मश्री, बदल डाला सेब की खेती का भूगोल

**शिमला, एजेंसी।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्र सरकार ने देशभर के उन गुमनाम नायकों को सम्मानित करने का फैसला किया, जिन्होंने अपने प्रयासों से समाज में विशेष योगदान दिया है। इस कड़ी में हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के किसान हरिमन शर्मा का प्रतिष्ठित पद्मश्री सम्मान के लिए चयन हुआ। हरिमन शर्मा ने 40 से 46 डिग्री तापमान वाली भीषण गर्मी में सेब की एचआरएमएन-99 किस्म विकसित कर असंभव को संभव बना दिया। हिमाचल प्रदेश में सेब उत्पादन आमतौर पर बर्फबारी वाले पहाड़ी इलाकों शिमला, कुल्लू, किन्नौर, मंडी और चंबा में होता है, जहां सर्दियों में पारा माइनस में चला जाता है। लेकिन हरिमन शर्मा ने निचले हिमाचल के गर्म क्षेत्रों में भी सेब उगाकर एक नई क्रांति लाई। उन्होंने वर्ष 1999 में इस दिशा में शोध शुरू किया और 2007 में एचआरएमएन-99 सेब की किस्म तैयार की। हरिमन शर्मा ने इस नई किस्म को पहले बिलासपुर, हमीरपुर, ऊना, सोलन और कांगड़ा जिलों में बागवानों के खेतों में लगवाया। धीरे-धीरे यह किस्म इतनी लोकप्रिय हुई कि देश के सभी राज्यों में इसकी खेती शुरू हो गई। आज एचआरएमएन-99 किस्म के 14 लाख पौधे देश के विभिन्न राज्यों सहित जर्मनी, नेपाल, बांग्लादेश, ओमान जैसे देशों में भी भेजे जा चुके हैं। राष्ट्रीय नव परिवर्तन प्रतिष्ठान के वैज्ञानिकों ने एचआरएमएन-99 किस्म पर शोध कार्य किया व भारत के सभी 29 राज्यों में पौध रोपण करवाया जिन में से 23 राज्यों में एचआरएमएन-99 किस्म ने फल देना शुरू भी कर दिया है। यही नहीं बंगला देश, नेपाल, जर्मनी, जांबिया में भी पौधे सफलता पूर्वक फल दे रहे हैं। हरिमन शर्मा को उनके नवाचार के लिए 15 राष्ट्रीय और 10 राज्य स्तरीय पुरस्कारों से नवाजा गया है। उन्होंने न केवल सेब, बल्कि आम, कीवी, अनार, और लीची जैसी फसलों की खेती को भी सफलतापूर्वक नए क्षेत्रों में लागू किया। उनकी प्रेरणा से हिमाचल प्रदेश के सात जिलों में बागवानों ने एक लाख से अधिक सेब के पौधे लगाए हैं। हरिमन शर्मा का जन्म 4 अप्रैल 1956 को बिलासपुर जिले के घुमारवीं तहसील के एक छोटे से गांव में हुआ। उनकी माता का देहांत उनके जन्म के तीन दिन बाद ही हो गया। जिसके बाद उनका पालन-पोषण गोद लिए पिता ने किया।

# गुरुग्राम में लगेगी अटल बिहारी वाजपेयी की 100 फीट ऊंची प्रतिमा

### 7 एकड़ में बनेगा पार्क और स्मृति केंद्र

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम में देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी पार्क और स्मृति केंद्र विकसित किया जाएगा। नगर निगम ने इसके लिए गांव धर्मपुर में करीब सात एकड़ जमीन चिन्हित की है। पार्क में बायोडायवर्सिटी पार्क, लाइब्रेरी और वाजपेयी की करीब सौ फीट ऊंची प्रतिमा लगाने की योजना बनाई है। हालांकि, इसे अंतिम रूप सलाहाकार एजेंसी द्वारा तैयार की जाने वाली डीपीआर में दिया जाएगा। बता दें कि, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने 2021 में अटल पार्क विकसित करने और स्मृति केंद्र बनाने के लिए घोषणा की थी। बीते चार साल से योजना कागजों में




ही लंबित पड़ी हुई थी। दो दिन पहले चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हुई बैठक में उन्होंने आदेश दिया कि जो अधिकारी सीएम घोषणाओं को लटका रहे हैं उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद निगम ने अटल पार्क को विकसित करने के लिए शुक्रवार रात को ही सलाहाकार एजेंसी को नियुक्त करने के लिए टेंडर लगाकर ऑनलाइन आवेदन मांग लिए हैं। निगम अधिकारियों ने बताया कि इस पार्क को विकसित करने का कार्य एचएसवीपी को सौंपा गया था। बाद में यह योजना निगम को सौंप दी गई।

### पार्क में लाइब्रेरी का भी निर्माण होगा

निगम की योजना के अनुसार, इस पार्क को बायोडायवर्सिटी पार्क के तौर पर विकसित किया जाएगा। इसमें बच्चों के लिए खेलने के सभी प्रकार के उपकरण लगाए जाएंगे। यही नहीं, विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए एक लाइब्रेरी का भी निर्माण होगा। इसके अलावा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहार वाजपेयी की स्मृति के तौर पर एक सौ फीट ऊंचा स्टेच्यू का निर्माण कराया जाएगा। निगम अधिकारियों का कहना है कि इस पार्क को इस तरह से विकसित किया जाएगा कि लोग इसे देखने के लिए दूर-दूर से आएंगे।

### पहले सलाहकार एजेंसी नियुक्त की जाएगी

निगम की तरफ से इस पार्क को विकसित करने के लिए पहले सलाहाकार एजेंसी को नियुक्त किया जाएगा। एजेंसी द्वारा निगम अधिकारियों द्वारा बताई योजना के अनुसार इसकी डीपीआर तैयार की जाएगी। डीपीआर को मंजूरी के लिए सरकार को भेजा जाएगा। सरकार से डीपीआर की मंजूरी के बाद निजी एजेंसी को इसके निर्माण को लेकर टेंडर प्रक्रिया की जाएगी। टेंडर प्रक्रिया के दौरान जो भी रेट निजी एजेंसी द्वारा दिए जाएंगे उसकी मंजूरी फिर से सरकार से लेनी होगी। वहां से अनुमति मिलने के बाद निजी एजेंसी द्वारा पार्क को विकसित करने का काम शुरू किया जाएगा। प्रवीण दलाल, कार्यकारी अभियंता, गुरुग्राम नगर निगम ने कहा, अटल पार्क और अटल स्मृति केंद्र के निर्माण के लिए सलाहाकार एजेंसी को नियुक्त किया जाएगा। इसके बाद इसकी डीपीआर तैयार करके सरकार को अनुमति के लिए भेजा जाएगा। इस पार्क को विकसित करने के लिए करीब सात एकड़ जमीन चिन्हित की गई है।



पाक-वेस्टइंडीजः

# वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान में 34 साल बाद जीता टेस्ट

**मुल्तान, एजेंसी।** वेस्टइंडीज ने 34 साल बाद पाकिस्तान में टेस्ट मैच जीतने का इतिहास रच दिया और इसमें जमेल वॉरिकन ने दूसरी पारी में शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट लेकर अहम भूमिका अदा की।

इसके साथ ही सोमवार को मुल्तान क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए सीरीज के दूसरे और आखिरी मैच में वेस्टइंडीज ने 120 रन से जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने तीसरे दिन 244 रनों का पीछा करते हुए 76/4 से आगे खेलना शुरू किया, लेकिन वॉरिकन, सिंक्लेयर और गुडाकेश मोती की घातक गेंदबाजी के सामने 44 ओवरों में 133 रनों पर ढेर हो गई। यह जीत वेस्टइंडीज की पाकिस्तान में 1990 के बाद पहली टेस्ट जीत थी। वॉरिकन ने चौथी पारी में 5-27 के आंकड़े के साथ मैच खत्म किया और सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। उन्होंने पूरे मैच में 9-70 के शानदार आंकड़े हासिल किए और वेस्टइंडीज ने इस जीत से दो मैचों की सीरीज बराबर कर ली। तीसरे दिन वेस्टइंडीज की जीत की उम्मीदें तब मजबूत हुईं, जब साउद शकील सिंक्लेयर की घूमती गेंद पर पहली स्लिप में कैच दे बैठे। अगले ही ओवर में वॉरिकन ने काशिफ अली को आउट कर पाकिस्तान को बड़ी मुसीबत में डाल दिया। मोहम्मद रिजवान और सलमान अली आगा ने थोड़ी देर तक टिककर 39 रनों की साझेदारी की, लेकिन वॉरिकन ने एक नीची रहती गेंद से सलमान को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। फिर उन्होंने रिजवान को बोल्ड किया, और मोती ने नोमान अली को मिड-ऑफ पर कैच आउट कराया।

इसके बाद वॉरिकन ने वापस आकर साजिद खान को आउट किया और अपनी मशहूर थाई-फाइव सेलिब्रेशन की।

## आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय क्रिकेटर चुनी गईं स्मृति मंधाना



**दुबई, एजेंसी।** भारत की करिश्माई सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की 2024 की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर चुना गया। भारत की उप कप्तान मंधाना ने 2024 में 13 पारियों में 747 रन बनाए जो किसी कैलेंडर वर्ष में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2024 में सबसे अधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। उन्होंने इस दौड़ में दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट (697 रन), इंग्लैंड की टैमी ब्युमोंट (554 रन) और वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज (469 रन) को पीछे छोड़ा। उन्होंने इस दौरान वनडे में चार शतक जड़कर महिला क्रिकेट का नया रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने इसके साथ सौ से अधिक बार गेंद को बाउंड्री पार पहुंचाया। मंधाना ने 2024 में 95 चौके और छह छक्के जड़े।

इस 28 साल की बल्लेबाज ने 57.86 की शानदार औसत के अलावा 95.15 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से रन बनाये। उन्होंने बेहतर गेंदबाजी इकाई वाली टीमों के खिलाफ भी कई बड़ी पारियां खेली। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जून 2024 में उन्होंने लगातार दो शतक लगाये। भारत ने इस श्रृंखला को 3-0 से जीता था। उन्होंने अक्टूबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ भी श्रृंखला के निर्णायक मैच में शतक लगाया था।

मंधाना ने दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में भी शतक जड़ा था लेकिन उनकी शानदार पारी के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में एक छोर से विकेटों के पतन के बीच मंधाना ने 14 चौके और एक छक्के की मदद से 105 रन बनाए थे।

## इयान चैपल ने ICC को धोया, बोले- यह क्रिकेट नहीं चलाती, इवेंट मैनेजमेंट कंपनी है



**नई दिल्ली, एजेंसी।**ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को एक ''इवेंट मैनेजमेंट कंपनी करार देते हुए कहा है कि आर्थिक रूप से मजबूत बोर्ड टेस्ट क्रिकेट के हितों को नुकसान पहुंचाते हुए अपने स्वार्थ के लिए कार्यक्रम तैयार कर रहे हैं। चैपल का यह भी मानना है कि टेस्ट क्रिकेट के लिए एक व्यवहार्य दो-स्तरीय प्रणाली अब तक लागू कर देंनी चाहिए थी, लेकिन उन्होंने इसके साथ ही कहा कि खेल के पारंपरिक प्रारूप को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए अन्य महत्वपूर्ण कदम भी उठाए जाने चाहिए। चैपल ने कहा कि द्विस्तरीय टेस्ट प्रणाली के विषय पर, वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाजी चैंपियन माइकल होल्डिंग ने कहा, अपनी सभी गलतियों के बावजूद फीफा कम से कम फुटबॉल का संचालन तो करता है।

आईसीसी को भी क्रिकेट का संचालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे एक जटिल समस्या जुड़ी है। आईसीसी क्रिकेट का संचालन नहीं करती है और जब तक कोई बड़ा हृदय परिवर्तन नहीं होता है तब तक आर्थिक रूप से संपन्न देश अपने स्वार्थ के लिए कार्यक्रम तैयार करते रहेंगे। चैपल हालांकि इस बात से सहमत हैं कि खेल के वित्तीय इंजन भारत का प्रभाव उनके योगदान के अनुरू है। उन्होंने कहा कि भारत क्रिकेट की आय में लगभग 70 प्रतिशत का योगदान देता है और आईसीसी में उसकी मजबूत उपस्थिति इस योगदान के अनुरूप है। यह एक जटिल मुद्दा है जिसका क्रिकेट को कोई व्यावहारिक समाधान नहीं मिला है। टेस्ट क्रिकेट को दो भागों में विभाजित करने के प्रस्ताव पर चर्चा चल रही है, जिससे भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी बड़ी टीमों को एक दूसरे के खिलाफ अधिक मैच खेलने के मौके मिलेंगे।

## राजकोट में टीम इंडिया का राजयोग, फिर दिखेगा 752 दिन पुराना कमाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टी-20 की सीरीज का तीसरा मैच राजकोट में खेला जाना है. राजकोट, भारत के उन मैदानों में हैं, जहां पर टीम इंडिया का राजयोग है. मतलब ये कि वहां भारतीय टीम का टी-20 फॉर्मेट में रिकॉर्ड बेहतर है. टीम इंडिया ने 2020 के बाद राजकोट में एक भी टी-20 मुकाबला नहीं गंवाया है. और, अब उसी सिलसिले को वो इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच में भी बरकरार रखना चाहेगा. राजकोट टी-20 इंग्लैंड के नजरिए से ज्यादा अहम मैच है. क्योंकि, यहां उसके हारने का मतलब होगा, सीरीज को गंवा देना. मगर अपनी हार को टालने के लिए उसे राजकोट में टीम इंडिया के राजयोग को खत्म करना होगा. मतलब उसे इस मैदान पर पहली हार का स्वाद चखाना होगा.

### राजकोट में पहली बार खेलेगी इंग्लैंड

लेकिन, जॉस बटलर की टीम के लिए क्या ऐसा कर पाना संभव होगा? इंग्लैंड ने तीसरे अ की अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है. और उन्हीं खिलाड़ियों पर भरोसा जताया है, जो दूसरे अ में खेलते दिखे थे. चेन्नई में खेला दूसरा अ इंग्लैंड नहीं जीत सकी थी. और अब राजकोट में इंग्लैंड की टीम पहली बार खेलती दिखेगी, जिससे कि उनके यहां जीतने को लेकर और भी संशय पैदा होता है.

### राजकोट में टीम इंडिया का हैरतअंगेज रिकॉर्ड

इंग्लैंड के लिए जीत दूर की कौड़ी इसलिए भी





दिख रहा है क्योंकि टीम इंडिया का राजकोट में रिकॉर्ड बेहतर है. 2020 के बाद भारतीय टीम का राजकोट में 100 फीसद जीत का रिकॉर्ड है. उसने 2 मुकाबले खेले हैं और दोनों ही जीते हैं. वहीं राजकोट में भारतीय टीम के ओवरऑल प्रदर्शन को भी देखें तो यहां खेले 5 टी-20 में उसने 4 जीते हैं. यानी सिर्फ एक मैच में ही उसे हार का सामना करना पड़ा है. इंग्लैंड के लिए भारत के इस जबरदस्त आंकड़े के आगे राजकोट में अपनी जीत की डफली बजाना आसान नहीं होगा. खासकर तब जब वो सीरीज में 0-2 से पिछड़ रही हो और दबाव में हो.

### 752 दिन पहले राजकोट में क्या हुआ था?

वैसे इंग्लैंड के लिए राजकोट में टीम इंडिया की जीत के आंकड़े ही डराने वाले नहीं हैं. बल्कि उसके कप्तान सूर्यकुमार यादव का घातक प्रदर्शन भी जी का जंजाल बन सकता है. सूर्यकुमार यादव ने राजकोट में एकमात्र अमुकाबला श्रीलंका के खिलाफ 7 जनवरी 2023 को खेला था. 752 दिन पहले खेले उस मुकाबले में सूर्या ने अकेले ही श्रीलंका को मसलकर रख दिया था और भारत को 91 रन से मिली जीत के हीरो बने थे.

### सूर्यकुमार यादव ने खेली थी तूफानी पारी

सूर्यकुमार ने राजकोट में खेली अपनी इकलौती अ पारी में 9 छक्के और 7 चौके के साथ सिर्फ 51 गेंदों पर 112 रन बनाए थे. फिलहाल तो सूर्या आउट ऑफ फॉर्म हैं. लेकिन, क्या पता पुरानी यादों को संजोए सूर्यकुमार राजकोट में जब उतरें तो उनका दिन बन जाए और फिर वो वैसे ही रनों की झड़ी लगा दें. अगर ऐसा होता है तो फिर इंग्लैंड के लिए जीत दूर की कौड़ी ही है.

## मोहम्मद सिराज क्या इस हसीना को कर रहे डेट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोशल मीडिया पर भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद सिराज और अभिनेत्री-गायिका जानाई भोसले के बीच डेटिंग की खबरें चल रही हैं। जानाई प्रतिष्ठित गायिका आशा भोसले की पोती हैं। जानाई ने बीते दिनों मुंबई के बांद्रा में अपने 23वें जन्मदिन समारोह की तस्वीरें साझा की जिसमें वह सिराज के साथ बेहद खुश नजर आ रही हैं।

दोनों के बीच केमिस्ट्री देखकर फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि उनमें बीच दोस्ती से अधिक कुछ और भी है। दोनों एक-दूसरे को गर्मजोशी भरी मुस्कान के साथ देख रहे हैं जिसे नजरअंदाज करना बेहद मुश्किल दिखता है। उक्त पोस्ट में जानाई अपनी दादी आशा भोंसले, अभिनेता जैकी श्रॉफ और क्रिकेटर सिद्धेश लाड और श्रेयस अय्यर के साथ भी दिख रही हैं। अपनी दादी आशा भोंसले के साथ केक काटती जानाई।

### जानाई की उक्त पार्टी में श्रेयस अय्यर भी पहुंचे थे।

पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल होते ही क्रिकेअ फैंस के कमेंट्स की बहार आ गई। कुछेक प्रशंसकों ने तो हंसी मजाक में जानाई को भाभी (भाभी) तक करार दे दिया। एक यूजर ने मजाकिया अंदाज में पूछा- क्या आप सिराज भाईजान से शादी करने जा रहे हैं? वहीं, दूसरे ने लिखा- डीएसपी साहब ऐसे हैं - यहां मैं पिगल गया। एक ने लिखा- यहां डीएसपी गिरफ्तार हो गए हैं। बता दें कि सोशल मीडिया पर मोहम्मद सिराज को डीएसपी भी कहा जाता है क्योंकि बीते साल ही टी20 विश्व कप 2024 जीतने के बाद तेलंगाना सरकार की ओर से डीएसपी बना दिया गया था। अक्सर मैच के दौरान जब सिराज विकेट लेते हैं तो सोशल मीडिया पर उनके डीएसपी से जुड़े मीम्स ही बनते हैं।

जानाई भोसले छत्रपति शिवाजी महाराज पर केंद्रित एक फिल्म से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं, और उनके जन्मदिन समारोह में क्रिकेटरों के साथ-साथ फिल्म और टेलीविजन उद्योग के सितारों सहित कई उल्लेखनीय अतिथि शामिल हुए।

जानाई की बर्थडे पार्टी में भारत के स्टार क्रिकेटर श्रेयस अय्यर भी नजर आए। उनके जन्मदिन समारोह में उपस्थित लोगों में अभिनेता जैकी श्रॉफ सिद्धेश लाड, सुयश प्रभुदेसाई, पूर्व बिग बॉस प्रतियोगी आयशा खान और मुंज्या स्टार अभय वर्मा भी शामिल थे।

प्रीमियर लीगः

## मार्टिनेज की स्ट्राइक ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को फुलहम पर 1-0 से जीत दिलाई


**लंदन, एजेंसी।** लिसांद्रो मार्टिनेज के डिफ्लेक्टेड शॉट ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को फुलहम के खिलाफ 1-0 की जीत दिलाई। यह हार फुलहम के लिए 23 नवंबर के बाद अपनी घरेलू जमीन पर पहली हार थी।

अर्जेंटीना के खिलाड़ी मार्टिनेज ने खेल के 78वें मिनट में गोल किया। यह मैच वेस्ट लंदन में हुआ, जो काफी कड़ा मुकाबला था। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने क्रेवेन कॉटिज में अपने पिछले आठ मैच जीते हैं, यह सिलसिला दिसंबर 2011 से जारी है। इस सीजन की तीसरी बाहर की जीत से यूनाइटेड अंक तालिका में 12वें स्थान पर पहुंच गया है। अब टीम का ध्यान व्यस्त जनवरी में यूईएफए यूरोपा लीग पर है। गुरुवार को यूनाइटेड की टीम रोमानिया में एफसीएसबी के खिलाफ खेलेगी। अगर यह मैच जीता तो यूनाइटेड प्रतियोगिता के राउंड ऑफ 16 में जगह बना लेगा।



मैच के पहले हाफ में यूनाइटेड ने केवल एक शॉट लगाया, जबकि फुलहम का प्रदर्शन बेहतर रहा। एलेक्स इवोबी ने सबसे ज्यादा प्रभाव छोड़ा और दो बार यूनाइटेड के गोलकीपर आंद्रे ओनाना को परेशान किया। वहीं, राउल जिमेनेज के कुछ शॉट्स क्रॉसबार के ऊपर चले गए। दूसरे हाफ में भी खेल का पैटर्न लगभग वैसा ही रहा। हालांकि, कुछ यूनाइटेड फैंस को लगा कि ब्रूनो फर्नांडेज की 20 गज की दूरी से फ्री-किक गोल में चली गई, लेकिन गेंद साइड-नेटिंग में थी। आखिरकार, किस्मत ने यूनाइटेड का साथ दिया। गारनाचो ने डिफेंडर को छकाते हुए पास दिया और चोटिल उगार्टे की जगह आए कॉलियर गेंद तक नहीं पहुंच सके, लेकिन मार्टिनेज ने आत्मविश्वास से कदम बढ़ाकर शानदार गोल कर दिया। आखिरी मिनटों में फुलहम ने बराबरी की कोशिश की। जोआचिम एंडरसन ने एक कॉर्नर पर अच्छी फ्लिक लगाई, लेकिन गोल नहीं हो सका। खेल से केवल दो मिनट पहले रॉड्रिगो म्यूनिज का शॉट गोलपोस्ट के ऊपर चला गया। इसी बीच यूनाइटेड ने एक काउंटर-अटैक पर अमद ने गोल किया, लेकिन वीएआर ने इसे ऑफसाइड करार दिया। आखिरकार यूनाइटेड ने बची हुई सेकंड्स में अपनी बढ़त बनाए रखी और तीन अहम अंक अपने नाम किए।

## आईसीसी के साल के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय पुरुष क्रिकेटर चुने गए अजमतुल्लाह उमरजई



**दुबई, एजेंसी7** अफगानिस्तान के हरफनमौला खिलाड़ी अजमतुल्लाह उमरजई को सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का 2024 का साल का सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय पुरुष क्रिकेटर चुना गया। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज और आक्रामक बल्लेबाज उमरजई ने 2024 में अफगानिस्तान की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

24 साल के उमरजाई ने 2023 के अपने शानदार प्रदर्शन को आगे बढ़ाया और पिछले साल दुनिया के अग्रणी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में शामिल रहे। उमरजई ने टी20 अंतरराष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में भी शानदार प्रदर्शन किया लेकिन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वह सबसे प्रभावशाली साबित हुए। वह रहमानुल्लाह गुरबाज के बाद अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज और एएम गजनफर के बाद दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। अफगानिस्तान ने 2024 में अपनी पांच में से चार एकदिवसीय श्रृंखलाएं जीतीं।

## दुनिया एक नंबरी तो तिलक वर्मा तीन नंबरी-पाकिस्तानी क्रिकेटर ने भारत के युवा बल्लेबाज के लिए आखिर क्यों कहा ऐसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में तिलक वर्मा की नाबाद 72 रन की पारी से भारत को 2 विकेट से जीत मिली।



भारत की ये जीत काफी अहम रही जिससे उसे इंग्लैंड पर 2-0 से बढ़त मिली। इस मैच में तिलक वर्मा की बल्लेबाजी कमाल की रही और खासतौर पर वो जिस परिस्थिति में खेले उससे जाहिर होता है कि वो कितने परिपक्व हैं। 22 साल के तिलक ने अपनी इस पारी से जाहिर कर दिया कि वो किसी भी कंडीशन में खेल सकते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में तिलक ने अपनी पारी के दौरान उन गेंदबाजों को काफी संभलकर खेला जो उनका विकेट ले सकते थे तो वहीं उन गेंदबाजों पर आक्रमण किया जिस पर वो रन बना सकते थे। उनकी इस धैर्यभरी पारी से भारत ना सिर्फ मुश्किल परिस्थिति से बाहर आया बल्कि मैच जीत भी गया।

## ऑस्ट्रेलियन ओपनः महिला एकल विजेता मैडिसन कीज विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कीज ने शनिवार को शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका पर तीन सेट की जीत के साथ अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। इससे वह सात स्थान की छलांग लगाकर सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है।

ऑस्ट्रेलियन ओपन में महिला एकल का खिताब जीतने वाली मैडिसन कीज ने सोमवार को जारी डब्ल्यूटीए विश्व रैंकिंग में अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करते हुए फिर से शीर्ष 10 में जगह बना ली। वहीं, पुरुष वर्ग के विजेता यानिक सिनर ने एटीपी सूची में अपनी महत्वपूर्ण बढ़त बनाए रखी।

फाइनल में कीज ने सबालेंका को हराया

कीज ने शनिवार को शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका पर तीन सेट की जीत के साथ अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। इससे वह सात स्थान की छलांग लगाकर सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। कीज महिला वर्ग में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाली



अमेरिका की चौथी खिलाड़ी है। उनके अलावा कोको गॉफ (नंबर तीन), जेसिका पेगुला (नंबर छह) और एम्मा नवारो (नंबर नौ) शीर्ष 10 में शामिल अन्य अमेरिकी खिलाड़ी हैं। सबालेंका ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खिताब की हैट्रिक पूरी नहीं कर पाई लेकिन वह नंबर एक पर बनी हुई हैं। उनके बाद इगा स्वियातेक का नंबर आता है जो सेमीफाइनल में कीज से हार गई थी।

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग क्विनवेन तीन स्थान गिरकर आठवें स्थान पर खिसक गई है जबकि पाओला बडोसा मेलबर्न पार्क में सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद दो स्थान ऊपर चढ़कर शीर्ष 10 में पहुंच गई। पुरुषों के वर्ग में चोटी के चार खिलाड़ियों की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पिछले साल जून से नंबर एक पर काबिज सिनर इस स्थान पर बने हुए हैं जबकि फाइनल में उनसे हारने वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। उनके बाद कार्लोस अलकराज और टेलर फ्रिट्ज का नंबर आता है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रंप का फरमान मानने से कोलंबिया का इनकार; निर्वासन उड़ानों को अस्वीकार किया



वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि कोलंबिया की सरकार ने प्रवासियों को लाने वाली दो उड़ानों को अस्वीकार कर दिया है और इसलिए वह कोलंबिया के खिलाफ शुल्क, वीजा प्रतिबंध और अन्य जवाबी कदम उठाने का आदेश दे रहे हैं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल पर यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो के फैसले ने अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को ''खतरे में डाल दिया है। ट्रंप ने लिखा, ''ये सिर्फ शुरुआती कदम हैं। हम कोलंबियाई सरकार को अमेरिका में जबरन घुसे अपराधियों को स्वीकार करने और उनकी वापसी संबंधी उसके कानूनी दायित्वों का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं देंगे। इससे पहले रविवार को पेट्रो ने घोषणा की थी कि उनकी सरकार अमेरिका से निर्वासित प्रवासियों को लाने वाली उड़ानों को तब तक स्वीकार नहीं करेगी, जब तक कि ट्रंप प्रशासन उनके साथ ''सम्मानजनक व्यवहार वाला एक एक प्रोटोकॉल नहीं बनाता।

### अर्धसैनिक बलों के खिलाफ लड़ाई खत्म होने वाली है: सूडानी सेना प्रमुख

खार्तूम, एजेंसी। सूडान की संक्रमणकालीन संप्रभु परिषद के अध्यक्ष, अब्देल फत्ताह अल-बुरहान ने रविवार को कहा कि सूडानी सेना की अर्धसैनिक बलों, विशेष रूप से रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के खिलाफ चल रही लड़ाई अब खत्म होने वाली है। उन्होंने यह भी कहा कि विद्रोह को समाप्त कर दिया जाएगा। अल-बुरहान ने यह टिप्पणी सूडान की राजधानी खार्तूम में स्थित सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) के जनरल कमांड मुख्यालय का दौरा करते हुए की, जिसे हाल ही में आरएसएफ द्वारा 21 महीने तक घेरे में रखा गया था और अब वह मुक्त हो चुका है। अल-बुरहान ने सैनिकों की भीड़ से कहा, लड़ाई खत्म होने वाली है और विद्रोह को खत्म कर दिया जाएगा। सूडानी लोगों से हमारी प्रतिज्ञा है कि हम इन अपराधियों से तब तक लड़ेंगे जब तक हम उन्हें हरा नहीं देते। उन्होंने यह भी कहा, हमारे सशस्त्र बल सक्षम हैं, और वे पराजित नहीं होंगे। उनका इतिहास खुद बोलता है। इससे पहले शुक्रवार को सूडानी सेना ने घोषणा की थी कि उसने अपने जनरल कमांड मुख्यालय की घेराबंदी को तोड़ दिया है, जो अप्रैल 2023 में युद्ध शुरू होने के बाद से चली आ रही थी। यह मुख्यालय खार्तूम के केंद्र में स्थित है और इसमें सेना मुख्यालय, नौसेना कमान, वायु सेना मुख्यालय, सैन्य खुफिया और रक्षा मंत्रालय जैसी महत्वपूर्ण इमारतें शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय संगठनों के अनुसार, अप्रैल 2023 से सूडान में एसएएफ और आरएसएफ के बीच संघर्ष जारी है, जिसमें अब तक कम से कम 28,000 लोगों की जान जा चुकी है और 15 मिलियन से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं, चाहे वे सूडान के अंदर हों या बाहर।

### दक्षिण कोरिया के अभियोजन पक्ष ने राष्ट्रपति यून पर विद्रोह के आरोप में अभियोग लगाया



सोल, एजेंसी। दक्षिण कोरिया के अभियोजन पक्ष ने राष्ट्रपति यून सुक-योल पर विद्रोह के आरोप में अभियोग लगाया है। यह जानकारी रविवार को कई मीडिया रिपोर्ट्स ने दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, यून को विद्रोह के संदिग्ध सरगना के रूप में हिरासत में लिया गया और उनके खिलाफ मुकदमा चलाया गया। इस तरह वह दक्षिण कोरिया के पहले मौजूदा राष्ट्रपति बन गए हैं, जिनके खिलाफ विद्रोह के आरोप में अभियोग दायर किया गया है। राष्ट्रपति यून पर आरोप है कि उन्होंने पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग-ह्यून के साथ मिलकर एक साजिश रची थी, ताकि देश में असंवैधानिक और अवैध मार्शल लॉ लागू किया जा सके। इस साजिश का उद्देश्य नेशनल असेंबली में सशस्त्र बलों को भेजना था। किम योंग-ह्यून पहले से ही हिरासत में हैं और उन पर भी आरोप लगाए गए हैं। जब भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी ने यून के खिलाफ मामला उठाया, तो अभियोजन पक्ष ने उन्हें गिरफ्तार करने और जांच को आगे बढ़ाने के लिए दो बार अदालत से अनुरोध किया। हालांकि, सोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने इस आवेदन को बार-बार खारिज कर दिया, और यून को जल्द से जल्द मुकदमे का सामना करने के लिए अदालत में पेश करने का आदेश दिया। 19 जनवरी को सोल की एक अन्य अदालत ने यून को गिरफ्तारी अवधि सहित 20 दिनों तक हिरासत में रखने का वारंट जारी किया था। उन्हें 15 जनवरी को राष्ट्रपति कार्यालय में गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा, 14 दिसंबर 2022 को दक्षिण कोरिया की नेशनल असेंबली ने यून के खिलाफ महाभियोग चलाने का प्रस्ताव पारित किया था। इस पर विचार-विमर्श के लिए यह मामला संवैधानिक अदालत को भेजा गया था, और इस दौरान यून की राष्ट्रपति की शक्तियां निलंबित हो गई थीं। यून पर आरोप है कि उन्होंने 3 दिसंबर 2022 की रात को आपातकालीन मार्शल लॉ लागू किया था, जिसे कुछ घंटों बाद नेशनल असेंबली ने रद्द कर दिया था।

# प्लेन में न पानी, न एयर कंडीशनिंग, अमेरिका से निर्वासित ब्राजीलियाई हथकड़ी और बेड़ियों में पहुंचे

रियो डी जेनेरियो, एजेंसी। अमेरिका से निर्वासित किए गए दर्जनों अप्रवासी हथकड़ी में विमान से ब्राजील पहुंचे. इस पर ब्राजील सरकार ने नाराजगी व्यक्त की है. उसने कहा है कि वह डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन से इस पर स्पष्टीकरण मांगेगी. ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने कहा कि घर वापसी के दौरान अप्रवासियों के साथ किया गया व्यवहार मानवाधिकारों की घोर अवहेलना है.

यह विवाद ऐसे समय में सामने आया है जब लैटिन अमेरिका अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कट्टर अप्रवासी विरोधी एजेंडे से जूझ रहा है. एक सप्ताह पहले सत्ता में लौटने के बाद से ट्रम्प ने अनियमित प्रवास और सामूहिक निर्वासन पर अपनी कार्रवाई की योजनाओं को लागू किया है. कई विमानों से अवैध अप्रवासियों को ग्वाटेमाला और ब्राजील जैसे विभिन्न देशों में ले जाया जा रहा है.

जब ऐसा ही एक प्लेन ब्राजील के उत्तरी शहर मनौस में उतरा, तो अधिकारियों ने कथित तौर पर पाया कि विमान में सवार 88 ब्राजीलियाई लोगों को हथकड़ी लगी हुई थी. ब्राजील के न्याय मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उन्होंने अमेरिकी अधिकारियों को तुरंत हथकड़ी हटाने का आदेश दिया.

बयान में कहा गया है कि न्याय मंत्री रिकार्डो लेवांडोव्स्की ने राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा को ब्राजील के नागरिकों के मौलिक अधिकारों की घोर उपेक्षा के बारे में बताया. विदेश मंत्रालय ने एक्स पर कहा कि ब्राजील शुक्रवार को रात की उड़ान में यात्रियों के साथ अपमानजनक व्यवहार के बारे में अमेरिकी सरकार से स्पष्टीकरण मांगेगा. विमान में सवार ब्राजीलियाई लोगों में 31 साल के कंप्यूटर तकनीशियन एडगर दा सिल्वा मौरा भी शामिल थे. निर्वासित होने से पहले वह सात महीने तक अमेरिका में हिरासत में रहे.



उन्होंने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया, विमान में, उन्होंने हमें पानी नहीं दिया, हमारे हाथ-पैर बंधे हुए थे, उन्होंने हमें बाथरूम भी नहीं जाने दिया. मौरा ने कहा, वहां बहुत गर्मी थी, कुछ लोग बेहोश हो गए. इक्कीस साल के लुइस एंटोनियो रोड्रिग्स सैंटोस भी विमान में थे. उन्होंने विमान में तकनीकी समस्याओं के कारण बिना एयर कंडीशनिंग के चार घंटे के सफर के दौरान सांस की समस्याओं से पीड़ित लोगों के दुःस्वप्न को याद किया. उन्होंने कहा, चीजें पहले ही बदल चुकी हैं (ट्रंप के साथ), अप्रवासियों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है. यह उड़ान मूल रूप से दक्षिण-पूर्वी शहर बेलो होरिज़ोंटे के लिए निर्धारित थी, लेकिन तकनीकी समस्या के कारण इसे मनौस में उतरना पड़ा.

**उड़ान ट्रंप के प्लान का हिस्सा नहीं :** एक सरकारी सूत्र ने एएफपी को बताया कि निर्वासन उड़ान का सीधा संबंध ट्रंप द्वारा पदभार ग्रहण करने पर जारी किए गए किसी भी इमिग्रेशन आर्डर से नहीं था, बल्कि यह 2017 के द्विपक्षीय समझौते से उपजा था.

ब्राजील के मानवाधिकार मंत्री मैके एवरिस्टो ने पत्रकारों को बताया कि, उड़ान में ऑटिज्म से पीड़ित बच्चे ... बहुत गंभीर अनुभवों से गुजरे हैं. ब्राजील के टेलीविजन पर फुटेज में कुछ यात्री नागरिक विमान से उतरते हुए दिखाई दिए, जिनके हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां लगी हुई थीं.

न्याय मंत्रालय ने कहा, स्थिति के बारे में जानने के बाद राष्ट्रपति लूला ने आदेश दिया कि ब्राजीलियाई लोगों को उनके अंतिम गंतव्य तक पहुंचाने के लिए ब्राजीलियाई वायु सेना के विमान को तैनात किया जाए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे अपनी यात्रा सम्मान और सुरक्षा के साथ पूरी कर सकें. ब्राजील सरकार के एक सूत्र ने एएफपी को बताया कि मनौस में पहुंचे निर्वासित लोग अपने दस्तावेजों के साथ यात्रा कर रहे थे, जिससे पता चलता है कि वे घर लौटने के लिए सहमत थे.

**ट्रम्प का इमिग्रेशन एक्शन :** डोनाल्ड ट्रम्प ने चुनाव प्रचार के दौरान अवैध इमिग्रेशन पर कार्रवाई का वादा किया था और अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत अमेरिका में एंट्री को सुधारने के उद्देश्य से कार्रवाइयों की झड़ी लगा दी. अपने कार्यकाल के पहले दिन, उन्होंने दक्षिणी अमेरिकी सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करने के आदेशों पर हस्ताक्षर किए और आपराधिक विदेशियों को निर्वासित करने का संकल्प लेते हुए क्षेत्र में और अधिक सैनिकों की तैनाती की घोषणा की. सोमवार से कई निर्वासन उड़ानों ने जनता और मीडिया का ध्यान आकर्षित किया. हालांकि पिछले अमेरिकी राष्ट्रपतियों के शासन काल में भी ऐसी कार्रवाइयां आम थीं.

## बांग्लादेश की यूनुस सरकार बड़ी मुश्किल में, ट्रम्प ने सहायता कार्यक्रमों के लिए धनराशि रोकी

ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के लिए यह एक बड़ा झटका है, क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका की दानदाता एजेंसी, यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) ने देश में किए जा रहे किसी भी अनुबंध, कार्य आदेश, अनुदान, सहकारी समझौतों या अन्य सहायता या खरीद उपकरणों के तहत किए जा रहे किसी भी काम को अचानक समाप्त या निलंबित करने का फैसला किया है। शनिवार को परियोजना कार्यान्वयन भागीदारों को भेजे गए एक संदेश में, यूएसएआईडी ने बांग्लादेश में अपने भागीदारों को यह आदेश दिया। अपने पत्र में, यूएसएआईडी ने सभी यूएसएआईडी/बांग्लादेश कार्यान्वयन भागीदारों को यूएसएआईडी/बांग्लादेश अनुबंध, कार्य आदेश, अनुदान, सहकारी समझौते, या अन्य सहायता या अधिग्रहण साधन के तहत किसी भी कार्य को तुरंत रोकने या निलंबित करने का निर्देश दिया।

निलंबन को विदेशी सहायता आवंटन की व्यापक समीक्षा के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। यह आदेश इजरायल और मिस्र को सैन्य वित्तपोषण को छोड़कर सभी मौजूदा विदेशी सहायता को कवर करता है। इस कदम से महत्वपूर्ण सहायता कार्यक्रमों को रोकने की संभावना है क्योंकि यह सुनिश्चित करेगा कि अरबों डॉलर की जीवन रक्षक सहायता रोक दी जाए।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज के साथ अपनी बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति पर भी संक्षिप्त चर्चा की। जयशंकर ने भारतीय पत्रकारों के एक समूह से कहा, हां, हमने बांग्लादेश पर संक्षिप्त चर्चा की। मुझे नहीं लगता कि मुझे और अधिक विवरण में जाना उचित होगा।

मंत्री इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या रुबियो और वाल्ट्ज के साथ उनकी बैठकों के दौरान बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार पर चर्चा हुई। इससे पहले, भारतीय अमेरिकी कांग्रेसी थानेदार ने अमेरिकी वित्त और राज्य विभागों से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ जघन्य कृत्य करने वालों पर प्रतिबंध लगाने और उन्हें लागू करने का आग्रह किया था। उन्होंने बांग्लादेश में मानवाधिकारों के उल्लंघन का मुद्दा भी उठाया।

## लेबनान से इजराइली सैनिकों की वापसी 18 फरवरी तक बढ़ी

बेरूत/तेल अवीव, एजेंसी। लेबनान से इजराइली सैनिकों की वापसी की समय सीमा 18 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। रविवार को अमेरिकी व्हाइट हाउस ने इसकी जानकारी दी। हिजबुल्लाह के साथ सीजफायर के लिए इजराइल-लेबनान में 27 नवंबर को सीजफायर साइन हुआ था। इसके तहत 60 दिनों में साउथ लेबनान से इजराइली सेना के वापस लौटने की डेडलाइन रखी गई थी, जो 25 जनवरी को पूरी हो गई। इजराइल ने सेना की वापसी की समय सीमा बढ़ाने की मांग की थी। दरअसल इजराइल, साउथ लेबनान के सभी इलाकों में लेबनानी सेना तैनाती चाहता है, जिससे यहां हिजबुल्लाह के लड़ाकों की मौजूदगी न बन पाए।साउथ लेबनान में रविवार, 26 जनवरी को इजराइली सैनिकों की वापसी को लेकर प्रदर्शन हुए। ये प्रदर्शनकारी सीजफायर समझौते के तहत इजराइली सेना से वापस जाने की मांग कर रहे थे। इस दौरान इजराइली सेना ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इस गोलीबारी में 22 लोगों की मौत हो गई और 124 लोग घायल भी हुए हैं। मृतकों में 6 महिलाएं और एक क लेबनानी सेना का सैनिक शामिल है। बॉर्डर इलाके के 20 गांवों के लोग इस गोलीबारी में घायल हुए हैं।इजराइल और हिजबुल्लाह में अमेरिका और फ्रांस की मध्यस्थता से सीजफायर हुआ था।

## तीन पूर्व अधिकारियों की सुरक्षा हटाने पर सीनेटर कॉटन ने जताई आपत्ति, कहा- फैसले पर दोबारा विचार करें ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी। पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ, उनके सहयोगी ब्रायन हुक और पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन की सुरक्षा हटाने पर सीनेट खुफिया समिति के अध्यक्ष ने आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप को अपने फैसले एक बार फिर विचार करना चाहिए।



सीनेटर टॉम कॉटन ने कहा है कि यह सुरक्षा सिर्फ उन पूर्व वरिष्ठ राष्ट्रीय अधिकारियों के लिए नहीं है, बल्कि आम लोगों के लिए भी है। वे राष्ट्रपति द्वारा उन लोगों को निशाना बनाए जाने के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं जिन्हें वे अपने विरोधी मानते हैं। कॉटन ने कहा कि राष्ट्रपति को व्हाइट हाउस में सेवा के लिए योग्य व्यक्तियों को बनाए रखने की जरूरत होती है। इसके लिए कभी-कभी अधिकारियों के लिए सुरक्षा की जरूरत पड़ सकती है। मैंने हाल ही में खुफिया जानकारी देखी है कि तीनों पूर्व अधिकारी ईरान के निशाने पर हैं।

सीनेटर ने कहा कि ट्रंप को पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ, उनके सहयोगी ब्रायन हुक और पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन की सुरक्षा पर फिर से विचार करना चाहिए। तीनों अधिकारी ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी पर घातक ड्रोन हमले की योजना बनाने और चर्चा करने में सभी शामिल थे।

उन्होंने कहा कि कासिम सुलेमानी पर राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से किए गए हमले में शामिल किसी भी व्यक्ति के लिए खतरा लगातार बना हुआ है। क्योंकि ईरान इन सभी लोगों से बदला लेने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अफसोस जताने से बेहतर है कि सुरक्षित रहें। यह सिर्फ उन लोगों के बारे में नहीं है जिन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप की उनके पहले कार्यकाल में उनकी नीति को लागू करने में मदद की थी। यह उनके परिवार, दोस्तों और जब वे सार्वजनिक होते हैं तो निर्दोष दर्शकों के बारे में है।

कॉटन ने कहा कि तीनों पूर्व वरिष्ठ अधिकारयों की सुरक्षा हटाने के ट्रंप के फैसले से भविष्य में सबसे योग्य सलाहकारों को नियुक्त करने की राष्ट्रपति की क्षमता पर गलत प्रभाव पड़ सकता है। यह राष्ट्रपति के लिए अच्छे लोगों को पाने और अच्छी सलाह पाने की क्षमता के बारे में भी है। अमेरिका नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले सप्ताह पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ, उनके सहयोगी ब्रायन हुक और पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन की सुरक्षा हटा दी थी। पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ, उनके सहयोगी ब्रायन हुक को ईरान से धमकियां मिलने के कारण सुरक्षा दी गई थी। दोनों ने ट्रंप के पहले प्रशासन के दौरान ईरान पर सख्त रुख अपनाया था। यह कदम ट्रंप की वापसी के बाद उन लोगों को निशाना बनाने का संकेत है, जिन्हें वे विरोधी मानते हैं। इससे पहले, ट्रंप ने अपने पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन की सुरक्षा भी वापस ली थी, जिन्होंने एक किताब लिखी थी, जिससे ट्रंप नाराज थे। इस फैसले पर ट्रंप ने कहा था कि क्या आप चाहते हैं कि लोगों की सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में लोग जीवन भर तैनात रहें?

## बेलारूस ने अमेरिकी महिला को किया रिहा, राष्ट्रपति चुनाव के एग्जिट पोल में लुकाशेंको को बढ़त

मिन्स्क, एजेंसी। बेलारूस ने राष्ट्रपति चुनाव के बीच हिरासत में ली गई अमेरिकी महिला को रिहा कर दिया। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बताया कि बेलारूस ने अमेरिकी महिला अनास्तासिया नुफर को रिहा कर दिया है। उसे निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल में हिरासत में लिया गया था। बेलारूस ने यह नहीं बताया कि महिला को कब और क्यों हिरासत में लिया गया था। बेलारूस के इस कदम को पश्चिम देशों के साथ संबंधों को बेहतर करने का प्रयास माना जा रहा है।



दरअसल 2020 में जब देश में राष्ट्रपति चुनाव हुए थे तो लोगों ने बड़े पैमाने पर मतदान में धांधली की आशंका को लेकर विरोध प्रदर्शन किए थे। इस दौरान 65,000 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया, हजारों लोगों को पीटा गया। इसके बाद पश्चिमी देशों ने बेलारूस की निंदा की और प्रतिबंध लगाए। बताया जाता है कि अभी भी 1250 से अधिक लोग हिरासत में हैं। वहीं राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको के विरोधियों ने देश में हो रहे राष्ट्रपति चुनाव को दिखावा करार दिया।

बेलारूस के पूर्व राजनयिक ने बताया कि अमेरिकी महिला की गिरफ्तारी 2020 के चुनाव के विरोध प्रदर्शन से जुड़ी है। बताया जा रहा है कि महिला को रिहा करने की पेशकश खुद राष्ट्रपति लुकाशेंको ने की थी। इसे लेकर लुकाशेंको के कार्यकर्ता भी हैरान हैं। हालांकि लुकाशेंको के इस कदम को यूक्रेन युद्ध में रूस का समर्थन करने और विरोध प्रदर्शन के कारण पश्चिमी देशों के साथ संबंध बेहतर करने की कवायद माना जा रहा है।

बेलारूस में चल रहे राष्ट्रपति चुनाव के एग्जिट पोल मौजूदा राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको की जीत की ओर इशारा कर रहे हैं। एग्जिट पोल के मुताबिक लुकाशेंको को 87 फीसदी वोटों से जीत मिलने का अनुमान है। एक समारोह के दौरान लुकाशेंको ने कहा कि हमारे सभी विरोधियों और दुश्मनों को समझना चाहिए कि उम्मीद मत करो। हम 2020 में जो हुआ उसे कभी नहीं दोहराएंगे। बेलारूस कठोर लोकतंत्र वाला देश है। हम किसी पर दबाव नहीं डालते और किसी को चुप नहीं कराते हैं। यूरोपीय संघ ने बेलारूस में चुनाव को अवैध करार देते हुए खारिज कर दिया और नए प्रतिबंधों की धमकी दी।

## ट्रंप के गुस्से से डरे कोलंबियाई राष्ट्रपति, कोलंबिया निर्वासित प्रवासियों को स्वीकार करने पर हुए सहमत

वाशिंगटन डीसी, एजेंसी। कोलंबिया निर्वासित प्रवासियों को स्वीकार करने पर सहमत हो गया है. इसके बाद अमेरिका ने टैरिफ लगाने की धमकी वापस ले ली. लेकिन फिलहाल अन्य प्रतिबंधों को बरकरार रखा. इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार (स्थानीय समय) को कोलंबिया पर 25 प्रतिशत प्रतिशोधी आपातकालीन टैरिफ की घोषणा की थी. क्योंकि कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने अमेरिकी सैन्य निर्वासन उड़ानों को अवरुद्ध कर दिया था.

पेट्रो की घोषणा के बाद, ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में उनकी आलोचना की. उन्होंने कोलंबिया को लक्षित करते हुए कई प्रतिबंधों और नीतियों की घोषणा की. अमेरिकी राष्ट्रपति ने कोलंबिया से सभी आयातों पर 25 प्रतिशत टैरिफ, कोलंबियाई नागरिकों के लिए यात्रा प्रतिबंध और अमेरिका में कोलंबियाई अधिकारियों के साथ-साथ सभी सहयोगियों और समर्थकों के लिए वीजा रद्द करना शामिल था.

ट्रंप ने कोलंबियाई राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो पर आगे हमला करते हुए उन्हें अलोकप्रिय कहा. उन्होंने दावा किया कि इन उड़ानों को अस्वीकार करने से संयुक्त राज्य अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा खतरे में पड़ गई है. उन्होंने कहा कि मुझे अभी-अभी बताया गया कि बड़ी संख्या में अवैध अपराधियों के साथ अमेरिका से दो प्रत्यावर्तन उड़ानों को कोलंबिया में उतरने की अनुमति नहीं दी गई.



इससे पहले रविवार को, पेट्रो ने देश की ओर जाने वाले प्रवासियों को ले जाने वाली दो अमेरिकी सैन्य उड़ानों को रोकने की घोषणा की थी. उन्होंने अमेरिका से प्रवासियों के साथ अपने व्यवहार में बेहतर प्रोटोकॉल स्थापित करने का आह्वान किया था. उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका कोलंबियाई प्रवासियों के साथ अपराधी जैसा व्यवहार नहीं कर सकता. उन्होंने प्रवासियों को ले जाने वाले अमेरिकी विमानों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया.

अमेरिका कोलंबियाई प्रवासियों के साथ अपराधी जैसा व्यवहार नहीं कर सकता. मैं कोलंबियाई प्रवासियों को ले जाने वाले अमेरिकी विमानों के हमारे क्षेत्र में प्रवेश से इनकार करता हूं. उन्होंने कहा कि अमेरिका को प्रवासियों को स्वीकार करने से पहले उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार करने के लिए एक प्रोटोकॉल स्थापित करना चाहिए. ट्रंप ने यह भी कहा है कि एक सप्ताह के बाद, वस्तुओं पर टैरिफ 50 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा.

## अवैध अप्रवासियों की तलाश में गुरुद्वारों में छापे मार रही पुलिस, सिख नेता बोले- ये हमारी आस्था के खिलाफ

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में अवैध अप्रवासियों के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई जारी है। इसी के तहत अब अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी के अधिकारी अब गुरुद्वारों में भी अवैध अप्रवासियों की तलाश कर रहे हैं। होमलैंड सिक्योरिटी के अधिकारियों ने न्यूयॉर्क और न्यूजर्सी के गुरुद्वारों में जाकर अवैध अप्रवासियों की तलाश की। हालांकि जांच अधिकारियों की इस कार्रवाई ने सिख संगठनों को नाराज कर दिया है और उन्होंने इसे आस्था से खिलवाड़ बताया है।




### ट्रंप ने बदले नियम

न्यूयॉर्क और न्यूजर्सी के कुछ गुरुद्वारों को लेकर माना जाता है कि वहां सिख अलगाववादी और अवैध अप्रवासी रहते हैं। पूर्व की बाइडन सरकार में ऐसे नियम थे कि पूजास्थलों, स्कूल आदि में आव्रजन और सीमा सुरक्षा जांच एजेंसियां कार्रवाई नहीं कर पाती थीं। हालांकि डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकारी आदेश से उस पाबंदी को खत्म कर दिया है। होमलैंड सिक्योरिटी के अधिकारियों का कहना है कि अब अपराधी और अवैध अप्रवासी स्कूलों, चर्च या अन्य पूजा स्थलों में छिप नहीं सकेंगे।

वहीं होमलैंड सिक्योरिटी द्वारा गुरुद्वारों में छापेमार कार्रवाई का सिख संगठनों ने विरोध शुरू कर दिया है। एक बयान में सिख अमेरिकन लीगल डिफेंस एंड एजुकेशन फंड ने संवेदनशील जगहों जैसे पूजास्थलों, स्कूल आदि में तलाशी की आलोचना की। संगठन ने कहा कि गुरुद्वारे सिर्फ पूजा की जगह ही नहीं हैं बल्कि ये सामुदायिक भवन है, जो सिखों और अन्य समुदायों की मदद करते हैं। इस तरह गुरुद्वारों को निशाना बनाने से पूरे सिख समुदाय में नाराजगी पैदा होगी। एक अन्य संगठन ने कहा कि बिना वारंट या वारंट के साथ भी गुरुद्वारों की निगरानी करना अस्वीकार्य है। ये हमारी आस्था पर हमला है और इससे धार्मिक क्रियाकलाप प्रभावित होंगे।

### सहयोग न करने वाले देशों पर लगाएंगे प्रतिबंध

अमेरिकी संसद के निचले सदन के स्पीकर माइक जॉनसन ने चेतावनी दी है कि जो भी देश अमेरिका से निर्वासित हुए अपने नागरिकों को वापस लेने में सहयोग नहीं करेगा, उस पर प्रतिबंध लगाए जाएंगे।

गौरतलब है कि ट्रंप सरकार ने अमेरिका से अवैध अप्रवासियों को निर्वासित करना शुरू कर दिया है। कोलंबिया ने पूर्व में अपने निर्वासित नागरिकों को वापस भेजने के अमेरिका के तरीके से नाराजगी जाहिर करते हुए अपने नागरिकों को वापस लेने से मना कर दिया था। जिसके बाद ट्रंप सरकार ने कोलंबिया पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का निर्देश दिया तो कोलंबिया की सरकार ने यू-टर्न लेते हुए अपने निर्वासित नागरिकों को वापस लेने का फैसला किया।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, मंगलवार 28 जनवरी 2025 | 8


उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सर्किट हाउस रीवा में आमजनों की समस्यायें सुनीं तथा उपस्थित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों में समाधानकारक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।



## गणतंत्र दिवस समारोह पूरे जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया

### उप मुख्यमंत्री ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी

रीवा। जिले भर में गणतंत्र दिवस समारोह परम्परागत हर्ष, उल्लास से मनाया गया। पूरे जिले में आन बान शान से तिरंगा लहराया। मुख्य समारोह एस.ए.एफ. मैदान रीवा में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री तथा चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इसके बाद मुख्य अतिथि ने प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। मुख्य समारोह के साथ-साथ जिले के सभी कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में भी ध्वजारोहण किया गया। सभी नगर पंचायतों, जनपद पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों में समारोह पूर्वक गणतंत्र दिवस मनाया गया।





समारोह में आकषर्क परेड प्रस्तुत की गई। परेड कमाण्डर अणिमा शर्मा के नेतृत्व में जिला पुलिस बल, महिला पुलिस, एनसीसी, जेल, एसएएफ, स्काउट गाइड, सैनिक स्कूल के दल तथा नगर सेना ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। इसके बाद मुख्य अतिथि ने रंग बिरंगे गुब्बारे आकाश की अनंत ऊचांईयों को छूने के लिए मुक्त किये। उन्होंने परेड कमांडरों व प्लाटून कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों को उनके पास जाकर शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया। इसके बाद विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन करके मनोहारी दृश्य प्रस्तुत किया। समारोह में सेक्रेड हार्ट स्कूल, गुरूकुल स्कूल तथा मार्तण्ड उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक एक के बच्चों ने मनोहारी नृत्य और गीत प्रस्तुत किए। इनके माध्यम से जिले और प्रदेश में विकास के कार्यों, उपलब्धियों, सांस्कृतिक विरासत, सेना के शौर्य और ऐतिहासिक धरोहरों को प्रदर्शित किया गया।

झांकी समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियों के माध्यम से शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया गया। ग्रामीण विकास विभाग की झांकी में आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा स्वरोजगार से आत्मनिर्भर होती महिलाएं दिखाई गईं। नगर निगम की झांकी में स्वच्छता अभियान तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को दिखाया गया। उद्योग विभाग की झांकी में इन्वेस्टर्स समिट, महिला एवं बाल विकास की झांकी में शिशु गृह एवं मिशन शक्ति योजना को प्रदर्शित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की झांकी में आयुष्मान कार्ड तथा पीएचई विभाग की झांकी में जलजीवन मिशन से स्वच्छ जल आपूर्ति को दर्शाया गया। पशुपालन विभाग की झांकी में बसामन मामा गौवंश वन्य विहार को दिखाया गया। जेल विभाग की आकर्षक झांकी में केन-बेतवा लिंक परियोजना, श्रीराम मंदिर, एयरपोर्ट रीवा तथा महाकुंभ को दर्शाया गया। उद्यानिकी विभाग की झांकी में संरक्षित खेती, ट्राईबल विभाग की झांकी में धरती आबा अभियान तथा शिक्षा विभाग की झांकी में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार को प्रदर्शित किया गया। कृषि विभाग की झांकी में प्राकृतिक खेती, श्री अन्न उत्पादन को प्रदर्शित किया गया।

पुरस्कार वितरण में गणतंत्र दिवस समारोह का समापन पुरस्कार वितरण से हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल तथा सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया। परेड में प्रथम स्थान केन्द्रीय जेल, दूसरा स्थान जिला पुलिस बल महिला तथा तीसरा स्थान विशेष सशस्त्र बल नवीं वाहनी को प्राप्त हुआ।

बिना शस्त्र के परेड में प्रथम स्थान सीनियर एनसीसी कन्या महाविद्यालय को प्राप्त हुआ। इसमें दूसरा स्थान माडल साइंस कालेज तथा तीसरा स्थान सीनियर गर्ल्स एनसीसी दल टीआरएस कालेज को प्राप्त हुआ। समारोह में परेड में शामिल स्काउट गाइड को प्रथम, रेडक्रास बालिका को द्वितीय तथा स्काउट रीवा को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। परेड में शामिल सैनिक स्कूल के दल में कन्या विंग को प्रथम तथा थल सेना को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। समारोह में प्रदर्शित झांकियों में प्रथम स्थान ट्राईबल, दूसरा स्थान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा तीसरा स्थान जेल विभाग की झांकी को प्राप्त हुआ।

## गणतंत्र दिवस समारोह में हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम



रीवा। गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह एसएएफ मैदान में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री तथा चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। समारोह में बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मनोहारी गीतों और लोकनृत्यों के माध्यम से देश और प्रदेश की उपलब्धियों, महाकुंभ के उल्लास, रीवा के विकास तथा शासन की विभिन्न योजनाओं को प्रदर्शित किया गया। समारोह में गुरूकुल सीनियर सेकण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों ने मनोहारी लोकनृत्यों तथा लोकनृत्यों के साथ रीवा के विकास को प्रदर्शित किया। आज तिरंगा लहराता है तथा अपने देश की माटी कितनी सुंदर है एवं कितना प्यारा रीवा हमारा गीतों के साथ मनोहारी प्रस्तुति दी। इसे समारोह में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

समारोह में सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकण्डरी स्कूल की विद्यार्थियों ने अपने गीतों के माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं को प्रस्तुत किया। उन्होंने संविधान के विभिन्न प्रावधानों की आकर्षक प्रस्तुति दी। राई लोकनृत्य के साथ रीवा जिले के विकास कार्यों, अटल पार्क, रीवा एयरपोर्ट को प्रस्तुत किया गया। प्रयागराज महाकुंभ का पवित्र स्नान भी प्रस्तुति में शामिल रहा। इस प्रस्तुति को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। शासकीय मार्तण्ड उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक एक के विद्यार्थियों ने मेरा देश महान, दुनिया में है सबसे आला गीत के साथ मनोहारी लोकनृत्य प्रस्तुत किया। इसमें भी कुंभ महापर्व तथा जिले के प्रमुख विकास कार्यों को दिखाया गया। इसे समारोह में तीसरा स्थान मिला।

## उप मुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया



रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल गणतंत्र दिवस के अवसर पर हाई स्कूल चोरहटा में आयोजित विशेष मध्यान्ह भोजन में शामिल हुये। उन्होंने बच्चों के साथ विशेष मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दी। मध्यान्ह भोजन में सांसद श्री जनार्दन मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र गुप्ता, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, प्रभारी कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एडिशनल एसपी विवेक लाल, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, सहायक कलेक्टर प्रपंज आर, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, संयुक्त संचालक शिक्षा केपी तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता, शिक्षकगण तथा विद्यार्थी शामिल हुए।

## गणतंत्र दिवस समारोह में झांकियों ने बिखेरी विकास की अनूठी छटा

### ट्राईबल विभाग की झांकी को गणतंत्र दिवस समारोह में मिला प्रथम स्थान

रीवा। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह एसएएफ मैदान में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री तथा चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने ध्वजारोहण करके परेड की सलामी ली। समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद विभागीय झांकियां प्रस्तुत की गईं। विभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं, कल्याणकारी कार्यक्रमों तथा रीवा जिले की उपलब्धियों को मनोहारी ढंग से प्रस्तुत किया गया। झांकियों ने समारोह में विकास की अनूठी छटा बिखेरी। नगर निगम रीवा द्वारा स्वच्छता अभियान तथा स्वनिधि योजना को झांकी में प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। समारोह में जिला जेल की झांकी में केन बेतवा नदी जोड़ो योजना, अयोध्या के राम मंदिर तथा रीवा एयरपोर्ट को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया।



गणतंत्र दिवस समारोह में ट्राईबल विभाग की झांकी ने धरती आबा अभियान को प्रदर्शित किया। शासन की विभिन्न योजनाओं से अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में हो रहे विकास को सुआ नृत्य से प्रदर्शित किया गया। गणतंत्र दिवस समारोह में ग्रामीण विकास विभाग ने स्वसहायता समूहों के रोजगार, आजीविका मिशन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना को अपनी झांकी में प्रस्तुत किया। समारोह में पशुपालन विभाग की झांकी में बसामन मामा गौवंश वन्य विहार, जैविक खाद उत्पादन को प्रदर्शित किया गया। समारोह में स्वास्थ्य विभाग की झांकी में आयुष्मान कार्ड तथा प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को दर्शाया गया। कृषि विभाग की आकर्षक झांकी में प्राकृतिक खेती, श्री अन्न का प्रदर्शन किया गया। शिक्षा विभाग की झांकी में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, उद्योग विभाग की झांकी में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से से रोजगार के अवसर को दिखाया गया। लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की झांकी में जलजीवन मिशन से गांव-गांव नल से जल की आपूर्ति को प्रदर्शित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की झांकी में मिशन शक्ति तथा वन स्टॉप सेंटर को प्रदर्शित किया गया। उद्यानिकी विभाग की झांकी में संरक्षित खेती को प्रदर्शित किया गया।

## समूह नलजल योजनाओं का कार्य 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूरा कराएं : सांसद

रीवा। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में सांसद श्री जनार्दन मिश्र की अध्यक्षता में जिला समन्वय एवं विकास समिति दिशा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद श्री मिश्र ने कहा कि लगातार तीन वर्षों से जिले में औसत से कम वर्षा हो रही है। धरती में पर्याप्त पानी संचित नहीं हो पा रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही जल स्तर में तेजी से गिरावट आएगी। इससे कई बसाहटों में पेयजल संकट उत्पन्न हो सकता है। जल जीवन मिशन से स्वीकृत समूह नलजल योजनाओं के कार्य 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूरा कराकर पेयजल की आपूर्ति कराएं। कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर कड़ी कार्यवाही करें। कंदैला समूह नलजल योजना के सभी 109 गांवों में पाइपलाइन में सुधार कराकर एक माह में हर घर में पानी पहुंचाना सुनिश्चित करें। बाणसागर समूह नलजल योजना तथा टमस समूह नलजल योजना के कार्य में भी तेजी लाएं जिससे गर्मियों में पानी की आपूर्ति की जा सके। नलजल योजनाओं के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों में सुधार का कार्य तत्काल कराएं। बैठक में सांसद ने बिजली विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि फीडर सेपरेशन का कार्य बहुत धीमा है। निर्माण एजेंसी एक हजार के स्थान पर केवल 250 मजदूरों से कार्य करा रही है। अतिरिक्त मजदूर लगाकर तय समय सीमा में फीडर सेपरेशन का कार्य पूरा कराएं। सांसद ने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को काम धीमा रहने पर कड़ी फटकार लगाई। सांसद ने कहा कि आरडीएसएस योजना से निर्मित विद्युत सब स्टेशनों का भ्रमण कराएं। समिति के सभी सदस्यों को फीडर सेपरेशन में शामिल गांवों की सर्वे सूची विधानसभावार उपलब्ध कराएं। सर्वे के बाद निर्धारित डीपीआर के अनुसार ही कार्य करें।

## प्राइवेट स्कूलों की मान्यता नवीनीकरण की तिथि बढ़ी

रीवा। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा शिक्षा पोर्टल पर प्राइवेट स्कूलों की मान्यता नवीनीकरण के आवेदन की तिथि में वृद्धि की है। मान्यता नवीनीकरण के लिए अब 31 जनवरी तक निर्धारित शुल्क जमा करके आवेदन किया जा सकता है। इसके बाद 7 फरवरी तक पाँच हजार रुपए विलंब शुल्क के साथ आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

## मनकामेश्वर मंदिर के पुर्नरूद्धार कार्य को शीघ्र पूरा करें : शुक्ल

रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि जन सहयोग से किये जा रहे मनकामेश्वर भगवान के मंदिर का पुर्नरूद्धार कार्य आगामी दो माह में पूरा करायें। उन्होंने मंदिर परिसर को व्यवस्थित व सौन्दर्यीकृत किये जाने की भी बात कही। उप मुख्यमंत्री ने भगवान मनकामेश्वर की पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। उप मुख्यमंत्री ने मंदिर पुर्नद्वार कार्य का निरीक्षण किया तथा उपस्थित जनसमुदाय से कहा कि रीवा में भगवत कृपा एवं गौमाता की कृपा है। उन्हीं कृपा व आशिर्वाद से सभी बड़े-बड़े कार्य हो रहे है। श्री शुक्ल ने मंदिर पुर्नरूद्वार कार्य के लिये जन सहयोग हेतु साधुवाद दिया और कहा कि यह दर्शाता है कि बड़े कार्य भी जन सहयोग से हो सकते हैं। उन्होंने अपेक्षा की कि लोगों का सहयोग इसी प्रकार मिलता रहेगा। उप मुख्यमंत्री ने मंदिर की भव्यता के साथ इसके विस्तार कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ नियत समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर को भी व्यवस्थित कर पूरा परिसर सुंदर बनाया जायेगा तथा पार्किंग की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जायेगी ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

## मऊगंज जिले में गणतंत्र दिवस समारोह की पूरे जिले में रही धूम

### मऊगंज जिले के प्रथम गणतंत्र दिवस समारोह में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

रीवा। नवगठित मऊगंज जिले का प्रथम गणतंत्र दिवस समारोह जिले भर में गणतंत्र दिवस समारोह उल्लास से मनाया गया। पूरे जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिले भर में गणतंत्र दिवस की धूम रही। जिला स्तरीय समारोह कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इसके बाद मुख्य अतिथि ने प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। मुख्य समारोह के साथ-साथ जिले के सभी कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में भी ध्वजारोहण किया गया। सभी नगर पंचायतों, जनपद पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों में समारोह पूर्वक गणतंत्र दिवस मनाया गया। समारोह में आकषर्क परेड प्रस्तुत की गई। परेड कमाण्डर के नेतृत्व में विभिन्न दलों ने



आकर्षक परेड प्रस्तुत की। परेड में एसएएफ, जिला पुलिस बल, होमगार्ड, जिला पुलिस बल महिला, सीनियर एनसीसी, जूनियर एनसीसी, स्काउट एण्ड गाइड, रेडक्रास एवं एनएसएस के दल शामिल रहे। परेड के बाद मुख्य अतिथि ने सभी परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद मुख्य अतिथ ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा वीर नारियों को शॉल-श्रीफल देकर उनका सम्मान किया। समारोह में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियों के माध्यम से जिले और प्रदेश में विकास को प्रदर्शित किया गया।

पुरस्कार वितरण में गणतंत्र दिवस समारोह का समापन पुरस्कार वितरण से हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर ने विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया। सशस्त्र परेड में प्रथम स्थान जिला पुलिस बल, दूसरा स्थान विशेष सशस्त्र बल 25वीं वाहिनी तथा तीसरा स्थान जिला महिला पुलिस बल को प्राप्त हुआ। बिना शस्त्र के परेड में एनसीसी सीनियर को प्रथम, स्काउट बालक को दूसरा तथा एनसीसी जूनियर को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। समारोह में आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा शासन की योजनाओं को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित कार्यक्रमों में जीवन ज्योति स्कूल नईगढ़ी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर मऊगंज को दूसरा तथा संस्कार वैली स्कूल मऊगंज को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। झांकियों में महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रथम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को दूसरा तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। समारोह में विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती नीलम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्रीमती रसना ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर रश्मी चतुर्वेदी, एसडीएम बीके पाण्डेय, जनप्रतिनिधिगण, पत्रकारगण, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकीय विभाग खण्ड सीधी(म0प्र0)**

सम्राट चौराहा के पास, ई-मेल eephedsid@nic.in फोन नम्बर 07822-292508

निविदा सूचना कमांक 12/नि.प्र./व.ले.लि./का0य0/लो0स्वा0यां0वि0/24-25 सीधी
दिनांक 22.01.2025

निम्न कार्यो हेतु निविदा का आनलाईन बेबसाइड http//mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 06.02.2025 सायं 5:30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 09.02.2025 को 11:00 बजे से 5:30 शाम तक है। निविदा में संशोधन की स्थिति उपरोक्त बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

Name of work- Providing Diesel Taxi Vehicle Bolero Top Model for inspection of PWSS and hand pump scheme for Executive Engineer, P.H.E. Division Sidhi and Assistant Engineer PHESubdivision Sidhi, Churhat and Majhouli

| S. N. | Tender ID | Name of Office | PAC( Rs.in Lakh) | E-EMD in Rs | Cost of Tender | NO.Of Calls |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE_PHED_397781_1 | खण्ड कार्या.सीधी | 2.52 | 5040 | 2000 | I Call |
| 2 | EE_PHED_397782_1 | उपखण्ड कार्या.सीधी | 2.16 | 4320 | 2000 | I Call |
| 3 | EE_PHED_397784_-1 | उपखण्ड कार्या. चुरहट | 2.16 | 4320 | 2000 | I Call |
| 4 | EE_PHED_397785_1 | उपखण्ड कार्या. मझौली | 2.16 | 4320 | 2000 | I Call |

जी-22244/24

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
खण्ड सीधी ( म.प्र. )



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833